दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



वार 2 के गाने पर ......



अनीत एयरलाइंस में भी कर ......

वर्ष : 11 अंक : 228 लखनऊ, 05 अगस्त, मंगलवार 2025 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# योगी आदित्यनाथ का विपक्ष पर आरोप

## भगवा को आतंक का प्रतीक बताकर आस्था को कलंकित करने वालों के चेहरे हुए बेनकाब

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में बरी हुईं पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि उन्हें इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लेने के लिए 'मजबूर' किया गया था। उन्होंने दावा किया कि ऐसा न करने पर उन्हें 'बहुत प्रताड़ित' किया गया। उन्होंने रविवार को कहा, 'हाँ, मुझे मजबूर किया गया था। मैंने दबाव में आकर किसी का नाम नहीं लिया, किसी को झूठा नहीं फंसाया... इसलिए, मुझे बहुत प्रताड़ित किया गया।

इस बयान के बाद योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मालेगांव बम विस्फोट मामले में अदालत के हाल के फैसले को लेकर कांग्रेस पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि भगवा को आतंक का प्रतीक बताकर देश की आस्था को कलंकित करने वालों का चेहरा अब जनता के सामने उजागर हो चुका है। मुख्यमंत्री ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रविवार को राजधानी लखनऊ में हुई संगठनात्मक बैठक में मालेगांव बम विस्फोट मामले में हाल में आये अदालत के फैसले का जिक्र करते हुए कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार किया।

उन्होंने कहा, मालेगांव मामले में जैसे ही सत्य सामने आया, कांग्रेस की साजिशें बेनकाब हो गईं। जिन्होंने भगवा को आतंक का प्रतीक बताकर देश की आस्था को कलंकित किया, उनका चेहरा अब जनता के सामने उजागर हो चुका है। आदित्यनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर दुष्प्रचार कर विपक्ष देशविरोधी ताकतों की ढाल बनने का कार्य कर रहा है।

भाजपा द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह पार्टी के विधायक, प्रदेश पदाधिकारी और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान के साथ-साथ संगठन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी।

आदित्यनाथ ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल झंडा फहराने का आयोजन नहीं, बल्कि जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का जनआंदोलन है। उन्होंने कहा, हर घर तिरंगा अभियान और हर हाथ में स्वदेशी उत्पाद का मंत्र, आत्मनिर्भर भारत की भावना को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान से जुड़कर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं, उसके साथ सेल्फी लें, लोगों को इससे जोड़ें और एक जनपद एक उत्पाद जैसे स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर स्थानीय शिल्प को प्रोत्साहन दें। उन्होंने कहा, यह भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करके ब्लैकमेल करने वालों को करारा जवाब देने का सबसे सशक्त तरीका है।

मुख्यमंत्री ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए कहा कि यह कार्य केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक जिम्मेदारी भी है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करे कि उसके बूथ की मतदाता सूची में कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। बैठक को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय संयोजक (चुनाव संपर्क विभाग) ओम पाठक और हर-घर तिरंगा अभियान के राष्ट्रीय सह संयोजक व पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने भी संबोधित किया।

# 81 वर्ष की आयु में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन, किडनी की बीमारी से थे पीड़ित



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन हो गया है। 81 वर्ष की आयु में उन्होंने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे पिछले करीब एक महीने से किडनी की बीमारी से पीड़ित थे और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। शिबू सोरेन, जो झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता हैं, तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। प्रदेश के आदिवासी समुदाय में उनका खासा प्रभाव था और लोग उन्हें स्नेहपूर्वक 'दिशोम गुरु' कहकर पुकारते थे। अपने पिता सोबरन मांझी की हत्या के बाद शिबू सोरेन ने राजनीति में कदम रखा था और धनकटनी आंदोलन की अगुवाई कर उन्होंने इतिहास रच दिया।

## सोरेन जनजातीय समुदायों और दलितों को सशक्त बनाने को लेकर प्रतिबद्ध थे: प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देते हुए सोमवार को कहा कि वह जनजातीय समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने को लेकर प्रतिबद्ध थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। मोदी ने शिबू सोरेन के बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, शिबू सोरेन जी एक जमीनी नेता थे जो लोगों के प्रति अटूट समर्पण के कारण जननेता बने। वे जनजातीय समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से समर्पित थे। मोदी ने कहा, उनके निधन से बहुत दुःख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से बात की और संवेदना व्यक्त की। ओम शांति।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

# शिबू सोरेन ने जल, जंगल, जमीन के अधिकार के लिए आजीवन संघर्ष किया: खरगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन के निधन पर सोमवार को शोक व्यक्त करते हुए कहा कि झामुमो नेता ने अलग झारखंड प्रदेश और वहां के लोगों के जल, जंगल, जमीन के अधिकार तथा आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए आजीवन संघर्ष किया। खरगे ने सोरेन के पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फोन पर बात करके उन्हें ढांढस बंधाया। शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन जी के निधन से मैं दुःखी हूं। उन्होंने अलग झारखंड प्रदेश और वहां के लोगों के जल, जंगल, जमीन के अधिकार और आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने कहा, मैंने उनके सुपुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से बात कर उनके परिवार और समर्थकों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। दुःख की इस घड़ी में ईश्वर उन्हें संबल प्रदान करे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन सिर्फ सांसद और तीन बार मुख्यमंत्री नहीं थे, बल्कि ठीक 25 साल पहले झारखंड के निर्माण के लिए चलाए गए आंदोलन में वह निर्णायक भूमिका में थे।

# वाराणसी और प्रयागराज में गंगा खतरे के निशान से ऊपर

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार




लखनऊ, उत्तर प्रदेश के कई ज़िले में लगातार भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। लगातार बारिश और उसके परिणामस्वरूप जलभराव के कारण क्षेत्र में जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वाराणसी और प्रयागराज जैसे शहरों में गंभीर जलभराव की स्थिति है। वाराणसी शहर में लगातार भारी बारिश और गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण सोमवार को कई इलाकों में बाढ़ आ गई।

### खतरे के निशान से ऊपर बह रही उत्तर प्रदेश में नदियां

उत्तर प्रदेश में भारी बारिश के कारण गंगा, यमुना और बेतवा सहित प्रमुख नदियां कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं और 13 जिले बाढ़ की स्थिति का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राहत आयुक्त कार्यालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, गंगा नदी वाराणसी, मिजार्पुर, गाजीपुर और बलिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि यमुना औरैया, कालपी, हमीरपुर, प्रयागराज और बांदा में लाल निशान से ऊपर है। इसके अनुसार बेतवा नदी भी हमीरपुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

### 24 जिलों में भारी बारिश

राज्य में रविवार को 14.2 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई और 24 जिलों में भारी बारिश हुई। इस समय राज्य के 13 जिले बाढ़ की स्थिति का सामना कर रहे हैं। इन जिलों में प्रयागराज, जालौन, औरैया, हमीरपुर, मिजार्पुर, वाराणसी, कानपुर देहात, बलिया, बांदा, इटावा, फतेहपुर, कानपुर नगर और चित्रकूट शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि वाराणसी में सोमवार सुबह गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया, जिससे घाट जलमग्न हो गए और अधिकारियों को दाह संस्कार और अन्य धार्मिक अनुष्ठान छतों और ऊंचे चबूतरों पर करने के आदेश देने पड़े।

केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, सोमवार सुबह तक गंगा नदी 72.1 मीटर के स्तर पर बह रही थी, जो खतरे के स्तर 71.262 मीटर से ऊपर है। गंगा सेवा निधि के शिवम अग्रहरि ने कहा कि सभी घाट जलमग्न हो गए हैं, जिससे वहां पहुंचना अवरुद्ध हो गया है। दशाश्वमेध घाट पर प्रसिद्ध गंगा आरती अब छतों पर की जा रही है, जबकि मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाटों पर दाह संस्कार ऊंचे चबूतरों पर किए जा रहे हैं। जिले के अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर नदी में नावों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें बाढ़ प्रभावित इलाकों में गश्त कर रही हैं और फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत और सिंगापुर की नौसेनाओं ने संयुक्त अभ्यास किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय नौसेना और सिंगापुर गणराज्य नौसेना (आरएसएन) ने 28 जुलाई से एक अगस्त तक वार्षिक सिंगापुर-भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास (सिमबेक्स) किया। रक्षा मंत्रालय ने यहां बताया कि अभ्यास के तहत इस वर्ष पहले आरएसएस सिंगापुर-चांगी नौसैनिक अड्डे पर तटीय चरण और उसके बाद दक्षिण चीन सागर के दक्षिणी छोर पर समुद्री चरण का आयोजन किया गया। उसने बताया कि समुद्री चरण में दोनों नौसेनाओं के पोत और सिंगापुर गणराज्य वायु सेना (आरएसएएफ) के विमान शामिल हुए। आरएसएन ने फोर्मिडेबल (दुर्जेय) श्रेणी के फ्रिगेट आरएसएस सुप्रीम और विक्ट्री (विजयी) श्रेणी के मिसाइल युद्धपोत आरएसएस विजिलेंस (एमवी मेंटर) को तैनात किया। भारतीय नौसेना ने शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट आईएनएस सतपुड़ा के साथ अभ्यास में भाग लिया। आरएसएएफ के एक एस70बी नौसैनिक हेलीकॉप्टर, दो फोकर-50 समुद्री गश्ती विमान और दो एफ-15एसजी लड़ाकू विमान भी इस अभ्यास में शामिल हुए। सिम्बेक्स 2025 का सफल आयोजन भारतीय नौसेना और आरएसएन के बीच स्थायी साझेदारी को रेखांकित करता है आरएसएस के कमांडिंग ऑफिसर सुप्रीम लेफ्टिनेंट कर्नल आरोन कोह ने कहा, सिम्बेक्स सिंगापुर गणराज्य की नौसेना और भारतीय नौसेना के बीच दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों का प्रमाण है। यह अभ्यास अभियानगत दक्षताओं को निखारने, आपसी समझ बढ़ाने और लोगों के बीच स्थायी संबंध बनाने की दिशा में नौसैन्य कर्मियों की पीढ़ियों के लिए एक मूल्यवान मंच के रूप में वर्षों से कार्य करता रहा है। सिम्बेक्स का पहली बार 1994 में आयोजन किया गया था।

# मुंबई में कबूतरों को दाना खिलाने पर रोक, विरोध प्रदर्शन तेज

## राज्य में छिड़ गयी कबूतरों पर राजनीति

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मुंबई, बॉम्बे हाईकोर्ट ने बीएमसी को निर्देश दिया है कि वह उन नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे जो प्रतिबंध के बावजूद कबूतरों को दाना खिला रहे हैं - जिसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने बीएमसी को आदेश लागू करने को कहा है। मुंबई में कबूतरखानों और अन्य जगहों पर कबूतरों को दाना डालना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है। जैन धर्मगुरुओं समेत 1,000 से ज्यादा नागरिकों ने शहर में कबूतरों को दाना डालने पर लगे प्रतिबंध के विरोध में कोलाबा जैन मंदिर से गेटवे ऑफ इंडिया तक विरोध मार्च निकाला। जैन मुनि नरेशचंद्र जी महाराज ने भी कबूतरों को दाना डालने की व्यवस्था फिर से शुरू करने की मांग को लेकर 10 अगस्त को आमरण अनशन की घोषणा की है। उन्होंने कहा, ₹पिछले कुछ दिनों में मुंबई में सैकड़ों कबूतर भूख से मर गए हैं क्योंकि राज्य के अधिकारियों ने पशु प्रेमियों को पक्षियों को दाना डालने से जबरन रोक दिया है। दादर कबूतरखाना और अन्य दाना डालने वाले स्थानों को बीएमसी ने सील कर दिया है। हम कबूतरों को दाना डालने पर इस क्रूर प्रतिबंध का विरोध करते हैं।₹ अनशन स्थल जल्द ही तय किया जाएगा।

दशकों से, कबूतर मुंबई के शहरी परिदृश्य में सर्वत्र दिखाई देते रहे हैं। इन्हें रेलवे स्टेशनों के आसपास, प्रतिष्ठित गेटवे ऑफ इंडिया पर और कबूतरखानों नामक चारागाहों में झुंड में उड़ते हुए देखा जा सकता है। हालाँकि, हाल ही में उच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद, ये स्थान अब बड़े तिरपाल की चादरों से ढके हुए पाए जाते हैं, जिससे विवाद, विरोध और मुंबई में कबूतरों को दाना डालने के आरोप में पहली प्राथमिकी दर्ज होने का मामला सामने आया है।

इस विवाद के केंद्र में बॉम्बे उच्च न्यायालय का 31 जुलाई का एक आदेश है, जिसमें मुंबई नगर निकाय (बीएमसी) को सार्वजनिक और विरासत स्थलों पर कबूतरों को दाना डालने पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त आपराधिक कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश पारित करते हुए, न्यायालय ने गंभीर जन स्वास्थ्य खतरों, जिनमें श्वसन संबंधी संक्रमण और उनके मल के कारण विरासत स्थलों को होने वाला नुकसान शामिल है, का हवाला दिया। यह आदेश मुंबई में कबूतरों की बढ़ती आबादी के बीच आया है।

# दिल्ली के मधु विहार में ट्रांसजेंडर की हत्या, नाबालिग हिरासत में

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पूर्वी दिल्ली के मधु विहार इलाके में सोमवार दोपहर एक पुल के नीचे एक ट्रांसजेंडर का शव मिला और घटनास्थल से एक नाबालिग को पकड़ा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए नाबालिग ने दावा किया कि ट्रांसजेंडर के पूर्व पति ने उसकी हत्या की है। पुलिस ने बताया कि चिल्ला गांव निवासी करण उर्फ अन्नू की हत्या में नाबालिग की भूमिका की जांच की जा रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने नाबालिग को पुलिस के हवाले कर दिया। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान नाबालिग ने आरोप लगाया कि पीड़िता का पूर्व पति और गाजीपुर निवासी रेहान ने हत्या की है। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उस पर चाकू से हमला किया गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के पूर्व पति का पता लगाने और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# बिहार में शिक्षक बहाली में लागू होगी डोमिसाइल पॉलिसी, सीएम नीतीश कुमार का ऐलान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक बड़े नीतिगत बदलाव की घोषणा की जिसका उद्देश्य भविष्य में शिक्षक भर्ती में राज्य के निवासियों को प्राथमिकता देना है। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। नीतीश ने एक पोस्ट में कहा नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से, हम शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।

उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा विभाग को शिक्षक नियुक्तियों में बिहार के निवासियों को वरीयता देने के लिए संबंधित नियमों में संशोधन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लिखा, ₹यह टीआरई-4 से लागू होगा। टीआरई-4 वर्ष 2025 में और टीआरई-5 वर्ष 2026 में आयोजित किया जाएगा। नीतीश ने यह भी पुष्टि की कि एसटीईटी परीक्षा टीआरई-5 से पहले आयोजित की जाएगी। यह घोषणा राज्य द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत लगभग 1.86 करोड़ उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करने की योजना को लागू करने के एक महीने से भी कम समय बाद आई है। इससे पहले नीतीश कुमार सरकार ने शुक्रवार को सरकारी स्कूलों में कार्यरत रसोइयों, रात्रि प्रहरियों और शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय दोगुना कर दिया। यह घोषणा ऐसे समय की गई है जब राज्य में विधानसभा चुनाव होने में कुछ महीने शेष हैं। मुख्यमंत्री कुमार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में रसोइयों, रात्रि प्रहरियों तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे ध्यान में रखते हुए हमने उनके मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि करते हुए इसे दोगुना करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के तहत काम करने वाले रसोइयों को अब 1,650 रुपये के बजाय 3,300 रुपये प्रति माह मिलेंगे। रात्रि प्रहरियों का मानदेय दोगुना करके 10,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। मुख्यमंत्री कुमार ने कहा कि शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय दोगुना कर 16,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है तथा उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि 200 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये कर दी गई है।

# आंध्र प्रदेश के ग्रेनाइट खदान हादसे में छह प्रवासी मजदूरों की मौत, 10 लोगों के घायल होने की सूचना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में बल्लीकुरवा के पास सत्यकृष्ण ग्रेनाइट खदान में रविवार सुबह चट्टानों का एक बड़ा हिस्सा ढह जाने से कम से कम छह श्रमिकों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। यह हादसा बल्लीकुरवा के पास सत्यकृष्ण ग्रेनाइट खदान में हुआ, जब एक चट्टान का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब साढ़े 10 बजे उस समय हुआ जब 10 से 15 मजदूर खदान में काम कर रहे थे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिजन को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, सभी पीड़ित ओडिशा के निवासी हैं। हमें संदेह है कि पानी रिसाव के कारण चट्टान खिसकी और हादसा हुआ। घटनास्थल पर कोई विस्फोट या भूकंपीय गतिविधि नहीं हुई थी। फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी है। हादसे के बाद तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया गया जिसमें खनन विभाग के अधिकारी भी पुलिस के साथ शामिल हुए। ओडिशा के ब्रह्मपुर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गंजाम जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी की टीम बापटला के बल्लीकुरवा गई है ताकि मृतकों के शवों को वापस लाया जा सके।

ओडिशा मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आंध्र प्रदेश में हुए हादसे में गंजाम जिले के दंड बड़त्या (पिता - अभिमन्यु बड़त्या), बनमाल चेहरा (पिता - भगवान चेहरा), भास्कर बिसोई (पिता - मगत बिसोई), संतोष गौड़ (पिता- पूज्य गौड़) और गजपति जिले के ताकुमा दलाई (पिता - कार्तिक दलाई), मूसा जान (पिता - नर्सू जान) की मौत पर शोक व्यक्त किया है।

सीएमओ ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजन को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। गंजाम के जिलाधिकारी कीर्ति वासन वी ने बताया कि दिगपहांडी के सहायक तहसीलदार के नेतृत्व में एक टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है ताकि शवों को उनके मूल निवास स्थान तक लाया जा सके। उन्होंने बताया, मैंने बापटला जिलाधिकारी से बात कर हादसे और ओडिशा के घायल मजदूरों की स्थिति की जानकारी ली है।

## सावन के अंतिम सोमवार को रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन



● कनारेश्वर शिव मंदिर में किया गया रुद्राभिषेक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद के कनार में स्थित कनारेश्वर शिव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर महारुद्राभिषेक का आयोजन आचार्य राजेश तिवारी व्यास के सानिध्य में धूमधाम से सम्पन हुआ कार्यक्रम में ग्रामीणों सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। सावन के आखिरी सोमवार को शिव मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। इस पावन अवसर क्षेत्र से भक्तो की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में महाकाल की दिव्य झांकी सजाई गई। कार्यक्रम उपरांत भव्य दीपक से भगवान की आरती उतारी गई जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। ओम नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच आचार्यों ने मंत्रों के जाप के साथ रुद्राभिषेक प्रारंभ हुआ। आचार्य ने शिव परिवार का पूजन कराया। भगवान का आवाह्न किया गया। आचमन, स्नान, सुगंधित जल स्नान, वस्त्र, जनेऊ, चंदन, अक्षत, मिश्रित अनाज, गुलाल, बेल पत्र, फूल, धूप, दीप नैवेद्य, पान - सुपाड़ी, फल, दक्षिणा, स्तुति, की गई। यजमान के रूप में उमाकांत पांडे, नेहा पांडे, अभिषेक द्विवेदी ऋतु द्विवेदी, दीपक द्विवेदी, अन्नपूर्णा द्विवेदी द्वारा आरती, पुष्पांजलि अर्पित की गई।

## अंडरपास पर बनी सड़क धंसी, एक तरफ का आवागमन बन्द, सर्विस लाइन से गुजर रहे वाहन

### भतोइया गांव में अचानक धंस गई हाईवे की सड़क

● सड़क एक फीट धंसी पहुंची टीम घटना स्थल पर की गई बैरिकेडिंग, आवागमन बन्द

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर रहीमाबाद के भतोइया गांव में बने अंडरपास ओवरब्रिज पर बारिश के कारण सड़क धंसने से सोमवार शाम करीब 9 बजे हरदोई से लखनऊ की ओर जाने वाला रोड बाधित हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि भतोइया गांव के पास लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर बने 239 संख्या अंडरपास ओवरब्रिज का का निर्माण अभी चंद महीने पहले ही हुआ था। अभी एक साल भी बीता नहीं और अभी से और



सड़क पर बैरिकेटिंग लगवाती पुलिस और एन एच आई टीम

ब्रिज के ऊपर बनी सड़क हल्की बारिश में ही धंसने लगी। जिससे एक तरफ का आवागमन पूरी तरफ से ठप हो गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि एन एचआई विभाग की लापरवाही के चलते कई जगह पर कहीं गड्ढे कहीं सड़क टूटी है जो बड़े हादसे को दावत दे रहा है। जिससे लोग अजीज आ चुके हैं। लोगों ने बताया कि सड़क की निचली सतह में पानी के रिसाव से सड़क धंस गई है।

गनीमत रही कि इस दौरान कोई हादसे का शिकार नहीं हुआ। वहीं राहगीरों की सूचना पर पहुंची एन एच आई और पुलिस टीम ने हरदोई से लखनऊ की ओर जाने वाले रोड पर बैरिकेटिंग लगाकर रोड बंद करा दिया। और उस रोड से निकलने वाले भारी और छोटे वाहनों को अब सर्विस लाइन से होकर लखनऊ की ओर जाना होगा। जो बरसात के मौसम में खतरे से खाली नहीं है। जानकारी के मुताबिक सड़क ठीक होने में एक दिन का समय लग सकता है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के इमलिया खेड़ा के पास शुक्रवार को हुए एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे को अंजाम देने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां से हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। घटनाक्रम बिजनौर थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी निवासी अर्जुन रावत पुत्र ननके रावत अपने साथी संदीप कोरी पुत्र गंगाराम निवासी उपरोक्त के साथ किसी कार्य से मोटरसाइकिल द्वारा मोहनलालगंज की ओर आ रहे थे जब वह इमलिया खेड़ा के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों और आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को सीएचसी मोहनलालगंज पहुंचाया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर बताकर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया इस घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया जबकि पुलिस ने दुर्घटना में प्रयुक्त कार को कब्जे में ले लिया है। मोहनलालगंज थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है चालक की पहचान कर शीघ्र ही उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया है ग्रामीणों ने सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है।

## शिवपुराण कथा के समापन पर भव्य भंडारे का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। सात दिवसीय श्री शिवपुराण कथा का समापन अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ कथा के आठवें दिन रायबरेलीझलखनऊ हाईवे पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन निगोहां क्षेत्र के ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से समृद्ध दखिना गांव में सात दिवसीय कथा का समापन हुआ जिसमें आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया इस आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी सब्जी छोले चावल के साथ जलेबी का विशेष वितरण किया गया पूरा वातावरण ₹हर हर महादेव₹ और ₹बम बम भोले₹ के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। आयोजन में सेवा व्यवस्था इतनी सुंदर और व्यवस्थित रही कि श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई यह आयोजन क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी अनमोल तिवारी की अगुवाई में संपन्न हुआ जो वर्षों से धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक समरसता और आस्था को नई दिशा देने में लगे हैं उनके द्वारा कराई गई कथा और भंडारे की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है भंडारे में निगोहां क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों ग्राम प्रधानों, सामाजिक कार्यकताओं तथा आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में निगोहां प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान भी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे उन्होंने दर्जन भर से अधिक पत्रकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की व्यवस्था की प्रशंसा की इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने बताया कि शिवपुराण कथा के माध्यम से उन्हें अध्यात्मिक शांति और जीवन मूल्यों की नई सीख मिली है वहीं ग्रामीणों ने अनमोल तिवारी के इस प्रयास को समाज में सद्भाव और आस्था को बढ़ावा देने वाला बताया कथा आयोजन और भंडारे में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक अनुशासन का भी विशेष ध्यान रखा गया समापन दिवस पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण अंचल में भी धर्म और आस्था की जड़ें कितनी गहरी हैं।

## श्रावण के अंतिम सोमवार मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को निगोहां क्षेत्र स्थित पौराणिक भवरेश्वर महादेव मंदिर में लाखों शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर भगवान शिव का दर्शन किया तीन जिलों लखनऊ रायबरेली और उन्नाव की सीमाओं पर स्थित इस प्राचीन मंदिर में रविवार रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी सुबह भोरकाल से ही 'हर हर महादेव' के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा हाथों में गंगाजल बेलपत्र और श्रद्धा लिए पहुंचे भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजन किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों का रेला बना रहा इस अवसर पर भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया।

### पुलिस ने संभाली कमान सुरक्षा रही चाक–चौबंद

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरती गई पुलिस फोर्स लगातार तैनात रहा और कहीं कोई अव्यवस्था नहीं होने दी गई। मेले में निगोहां पुलिस के साथ-साथ रायबरेली जनपद की पुलिस टीम भी पूरी तरह मुस्तैद रही थाना निगोहां सहित आस-पास के अन्य थानों की पुलिस टीमों ने लगातार निगरानी बनाए रखी श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देने के लिए स्वयंसेवकों की भी ड्यूटी लगाई गई थी।

### पौराणिक मान्यता और इतिहास का केंद्र

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार अज्ञातवास के दौरान पांडव अपनी माता कुंती के साथ इस क्षेत्र में आए थे माता कुंती के आग्रह पर भीम ने यहां शिवलिंग की स्थापना की थी कालांतर में यह शिवलिंग मिट्टी में दब गया और बाद में सुदौली रियासत के राजा को स्वप्न में इसका संकेत मिला खुदाई कर शिवलिंग को पुनः प्रकट किया गया और मंदिर का निर्माण हुआ। बताया जाता है कि मुगल शासक औरंगजेब ने जब इस मंदिर को नष्ट करने की कोशिश की तो लाखों की संख्या में भंवरे निकलकर मुगल सेना पर टूट पड़े जिससे शिवलिंग की रक्षा हुई तभी से यह स्थल भवरेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

## विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रतिनिधि ने नादरगंज तिराहे का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रतिनिधि अखिलेश सिंह ने सोमवार को कानपुर रोड स्थित नादरगंज तिराहे का निरीक्षण किया। उनके साथ उनकी टीम और अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण का मुख्य कारण क्षेत्र में हो रहा जलभराव और पीएनसी द्वारा बनाए जा रहे नाले की स्थिति थी। इस दौरान पीएनसी के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे। विधायक प्रतिनिधि ने पीएनसी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गड्ढों और फैली हुई गिट्टी को तत्काल ठीक कराया जाए। उन्होंने कहा कि इससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वर्तमान में दिन के समय गड्ढों के कारण कई किलोमीटर लंबा जाम लग जाता है। ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस की तैनाती के बावजूद भीषण जाम से निजात नहीं मिल पा रही है। इसका मुख्य कारण पीएनसी द्वारा हाइवे निर्माण में की जा रही लापरवाही है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिनमें बरसात के कारण पानी भर जाता है। इससे दोपहिया और चार पहिया वाहन फंस रहे हैं। कहीं पर संकरा रास्ता बना दिया गया है तो कहीं नाला खोदकर खुला छोड़ दिया गया है। इसके कारण आए दिन रात में लोगों के वाहन गिरते हैं और लोग चोटिल हो रहे हैं। जब से पीएनसी और नेशनल हाइवे निर्माण कंपनी हाइवे का निर्माण कार्य कर रही है, तब से कोई न कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। कई एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ देते हैं। निर्माण स्थल पर हर जगह गिट्टी और मिट्टी फैली हुई है और बड़े-बड़े गड्ढे हैं। पीएनसी को मानकों का ध्यान रखते हुए हाइवे निर्माण करना चाहिए। हाइवे पर लाखों वाहनों का आवागमन होता है, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। पीएनसी की लापरवाही साफ दिखाई दे रही है। सर्विस लाइन के बगल में नाला खोदकर छोड़ दिया गया है, लेकिन पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई है। विशेष रूप से सुबह और शाम के समय लंबा ट्रैफिक जाम लगता है, जिससे स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक पुलिस जाम हटाने में असमर्थ हो जाती है।

## खंभे में करंट उतरने से चपेट में आकर भैंस की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा में सोमवार को कंक्रीट खंभे में करंट उतरने से इसकी चपेट में आकर एक कीमती भैंस की मौत हो गई। बंथरा के हनुमान मंदिर-रामचौरा रोड निवासी रजनू रावत के मुताबिक सोमवार दोपहर को उनकी भैंस चरने गई थी। उन्होंने बताया कि घर से कुछ दूर साबुन फैक्ट्री के पास सड़क किनारे गुजर रही 440 वोल्टेज विद्युत लाइन के कंक्रीट खंबे में पड़े लोहे के तार का कुछ हिस्सा नीचे खम्बे से बाहर निकला है। बारिश के कारण खम्भा भीगा होने से उसी तार में करंट उतर आया। जिसकी चपेट में आने से भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी होने पर इसकी सूचना पुलिस और गहरु पावर हाउस पर दी गई। सूचना के बाद पहुंचे विद्युत कर्मचारियों ने उक्त विद्युत लाइन की सप्लाई रुकवा कर खम्बे के तार को हटा रही है। वहीं पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## भारी बारिश के कारण स्कॉर्पियो समेत दो वाहनों पर गिरा पुराना पेड़

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में सोमवार को दो अलग-अलग स्थानों पर पुराने और विशालकाय वृक्षों के गिरने से हड़कंप मच गया हालांकि इन घटनाओं में कोई जान-माल की हानि नहीं हुई। पहली घटना मोहनलालगंज कस्बे में स्थित सेंट जूडस स्कूल के मुख्य गेट के पास करीब पचास साल पुराना पीपल का पेड़ अचानक दो टुकड़ों में फटकर गिर पड़ा पेड़ के गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग सहम गए और मौके पर भागकर पहुंच संयोगवश उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था जिससे कोई हताहत नहीं हुआ वही दूसरी घटना मोहनलालगंज तहसील परिसर के पीछे वर्षों पुराना



विशालकाय बरगद का पेड़ अचानक एक स्कॉर्पियो और एक अन्य चार पहिया वाहन पर गिर पड़ा जिससे दोनों वाहन पूरी तरह से दब गए लेकिन सौभाग्य से किसी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई घटना की सूचना मिलने पर नगर पंचायत की टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क पर गिरे पेड़ के मलबे को हटाया जिससे रास्ता साफ हो गया और यातायात सामान्य हो सका। वही घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों वृक्ष काफी पुराने हो चुके थे और कई बार संबंधित विभाग को सूचित भी किया गया था लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया अब इन घटनाओं ने विभागीय सतर्कता और रखरखाव की जरूरत को फिर से उजागर कर दिया है प्रशासन से स्थानीय निवासियों की मांग है कि क्षेत्र में खतरनाक स्थिति में खड़े पुराने वृक्षों की तत्काल जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## जब बुद्धिजीवी लोग संसार के मोह-माया, तनाव और व्यावसायिक जीवन की थकावट से संत्रस्त हो जाते हैं, तब वे आत्मिक विश्रांति के लिए कथा की ओर लौटते हैं - आचार्य शान्तनु जी महराज

● श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर भक्ति और भाव का अनुपम संगम

आचार्य शांतनु जी महाराज के ओजस्वी प्रवचनों से गूंजा सभागार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। लखनऊ स्थित दयाल गेटवे कन्वेंशन सेंटर, विभूति खंड, गोमती नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और भक्ति की भावनाओं के साथ संपन्न हुआ। यह कथा, प्रख्यात कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज के पुण्य सान्निध्य में 3 अगस्त से आरंभ हुई है और 9 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित की जा रही है। आज के दिन संपूर्ण सभागार श्रद्धालुजनों की उपस्थिति से खचाखच भरा था। भक्ति में डूबे श्रोतागण संगीतमय भजनों, मंगलाचरण तथा आचार्य श्री के जीवनदायी प्रवचनों से बारंबार भावविभोर होते रहे। मंच पर व्यासपीठ से कथा का अमृतवर्षा करते हुए आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा जब बुद्धिजीवी लोग संसार के मोह-माया, तनाव और व्यावसायिक जीवन की थकावट से संत्रस्त हो जाते हैं, तब वे आत्मिक विश्रांति के लिए कथा की ओर लौटते हैं। यह कथा उनकी थकावट को हरने वाली दिव्य औषधि के समान होती है। उन्होंने आगे कहा कि यह श्रीमद् भागवत कथा न केवल एक आध्यात्मिक ग्रंथ है, बल्कि यह वेद रूपी कल्पवृक्ष का परम फल है, जिसे सुनने से दैहिक, दैविक और भौतिक सभी प्रकार के तापों से मुक्ति प्राप्त होती है। आज के दिन कथा का क्रम भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल से संबंधित लीलाओं पर केंद्रित रहा। आचार्य श्री के लोकोन्मुख दृष्टिकोण और सरल भाषा में वर्णित गूढ़ तत्वज्ञान ने श्रोताओं के मन में आध्यात्मिक चेतना जागृत की। भक्तिरस में डूबी संगीतमय प्रस्तुति में अनेक भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा सुनने आए वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों सभी वर्गों ने मंत्रमुग्ध होकर कथामृत का रसपान किया। कथा का उद्देश्य केवल आध्यात्मिक अनुभूति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में समरसता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना भी इसका एक महान लक्ष्य है। आचार्य शांतनु जी महाराज का अद्भुत वक्तृत्व और प्रगाढ़ ज्ञान समाज को दिशा देने वाला है। लखनऊ वासियों के लिए यह आयोजन एक दुर्लभ अवसर है जहाँ वे अपनी अध्यात्म यात्रा को सशक्त बना सकते हैं। अगले दिनों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन लीला, रासलीला जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का सजीव वर्णन किया जाएगा।

## गांजा तस्करी गिरोह का हुआ खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार

● गांजा तस्करी में प्रयोग की गई लग्जरी स्कॉर्पियो के साथ एक तस्कर गिरफ्तार डेढ़ कुंतल गांजा किया बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। एसटीएफ और नगराम पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़े तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए आंध्र प्रदेश और उड़ीसा से लाई जा रही भारी मात्रा में अवैध गांजे की खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया वही पकड़े गए तस्कर के पास से लग्जरी स्कॉर्पियो वाहन में करीब डेढ़ कुंतल गांजा बरामद हुआ है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत चालीस लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है एसटीएफ टीम को मिली सूचना पर नगराम थाना क्षेत्र में पुलिस ने घेराबंदी कर स्कॉर्पियो वाहन से गांजा सप्लाई करने जा रहे तस्कर को गिरफ्तार कर लिया पकड़े गए तस्कर की पहचान शिवम यादव निवासी सलेमपुर थाना नगराम के रूप में हुई है वहीं उसका एक साथी सूरज सिंह निवासी सलेमपुर मौके से फरार हो गया फरार अभियुक्त की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं एसीपी रजनीश वर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी विवेक चौधरी की टीम को यह बड़ी सफलता मिली है।

### मुर्गी फार्म में छिपा रखा था गांजा

पुलिस की पूछताछ में आरोपी शिवम यादव ने खुलासा किया कि उसने गांजे को सलेमपुर गांव स्थित एक मुर्गी फार्म में छिपा रखा था और वहां से सप्लाई की योजना बना रहा था उसने बताया कि गांजे की यह खेप आंध्र प्रदेश और उड़ीसा से लाई गई थी और लखनऊ के ग्रामीण इलाकों में सप्लाई होनी थी

### जेल में रची गई थी साजिश...

मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त शिवम ने पूछताछ में बताया कि फरार सूरज सिंह से उसकी मुलाकात जेल में हुई थी जहां से दोनों ने तस्करी का नेटवर्क खड़ा करने की योजना बनाई जेल से रिहा होने के बाद दोनों ने एक संगठित गिरोह के रूप में गांजा सप्लाई का धंधा शुरू कर दिया था पुलिस के मुताबिक यह गिरोह लंबे समय से इस गोरखधंधे में लिप्त है अब गिरोह की अन्य कड़ियों को जोड़ने और इसकी जड़ें कहां तक फैली हैं इसका पता लगाने के लिए एसटीएफ और नगराम पुलिस की संयुक्त टीमें जांच में जुटी हैं नगराम पुलिस और एसटीएफ की इस कार्रवाई से राजधानी में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर करारा प्रहार हुआ है।

## कांवड़ियों ने 70 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर महादेव का किया जलाभिषेक



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सावन मास के पवित्र महीने में रहीमाबाद इलाके के कांवड़ियों द्वारा डाक कांवड़ निकाली गई। कांवड़ियों ने रहीमाबाद इलाके से बिठूर घाट के लिए रवाना हुए। अपने आराध्य देव को गंगा जल से जलाभिषेक कराने को शिव भक्त बिठूर घाट से पवित्र गंगा जल के साथ डाक कावड़ लेकर अटूट श्रद्धा विश्वास के साथ दौड़ रहे हैं। बिठूर घाट से चलकर डाक कावड़ियों की टोली एक दूसरे के साथ दौड़ कर एक दूसरे को गंगा जल देकर टोली के युवा तेजी के साथ दौड़ रहे है। कावड़ यात्रा मार्ग पर सोमवार को डाक कावड़ियों की भारी भीड़ आ रही है। हर डाक कावड़ की टोली एक दूसरे से आगे निकल कर समय से पहुंचने के लिए अपने गत्वय की ओर बढ़ रही है। जिसके बाद सोमवार को बाराही देवी मंदिर पहुंचकर महादेव को जलाभिषेक किया। डाक कावड़ में कांवड़ियों लगातार भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए दौड़कर लगभग 70 किमी की यात्रा पूर्ण की। कांवड़ियों में प्रमुख रूप से सुरेंद्र, कन्हैया, मोहित, राज, गुलशन सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## पानी के तेज बहाव से नाले में डूबने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के तिलोकपुर गांव में सोमवार चचेरे भाई के साथ नहाने गए 18 वर्षीय युवक की बरसाती नाले में डूबकर मौत हो गई पानी के तेज बहाव में बहकर दूर जा चुके युवक के शव को दो घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों और पुलिस की मदद से बरामद किया गया हादसे की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया और मृतक के घर पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के तिलोकपुर गांव निवासी रामप्रसाद रावत ने बताया कि 18 वर्षीय बेटा रितेश रावत अपने चचेरे भाई अंकित रावत के साथ दोपहर में गांव के पास से बह रहे बरसाती नाले में नहाने गया था बारिश के कारण नाले में पानी का बहाव काफी तेज था नहाने के दौरान अचानक रितेश फिसलकर गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव की चपेट में आकर बहने लगा चचेरे भाई अंकित ने जब रितेश को बहते देखा तो वह



घबरा गया और तुरंत मदद के लिए शोर मचाया शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर दौड़े कुछ स्थानीय युवकों ने बिना देर किए नाले में उतरकर रितेश की तलाश शुरू कर दी वहीं घटना की सूचना पाकर सिसेंडी पुलिस चौकी से पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद रितेश का शव घटनास्थल से लगभग 500 मीटर दूर बरामद किया शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और रोते-बिलखते गिर पड़े। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि युवक के डूबने की सूचना पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बरामद कराया गया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है स्थानीय लोगों के अनुसार नाला काफी गहरा और फिसलन भरा है पहले भी यहां हादसे हो चुके हैं लेकिन सुरक्षा के कोई उपाय अब तक नहीं किए गए हैं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम में इस तरह के खतरनाक स्थलों पर चेतावनी बोर्ड और अवरोधक लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके इस दुखद घटना से तिलोकपुर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है युवक की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

## क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर दर्ज हुआ दलित उत्पीड़न का मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत उधार पैसे मांगने पर दलित की मारने पीटने पर क्षेत्राधिकारी के आदेश पर दलित उत्पीडन सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना क्षेत्र के गाँव अहिरौरा निवासी सूरज पुत्र गौरी शंकर चमार से गांव के ही हिमांशु पुत्र बिन्दा प्रसाद लोधी जून माह में पाँच हजार रुपये उधार लिए थे जब वह पैसे वापस मांगने गया तब हिमांशू ने सूरज के सर पर ईट से जानलेवा हमला कर दिया व जाति सूचक गंदी गंदी गालियां देने लगा इतने में ही हिमांशू के चाचा रमनी जो पूर्व प्रधान रह चुके है ने भी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। डायल 112 फोन करने पर घायल सूरज का बीघापुर के सौ बेड शैय्या में उपचार किया गया। क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र दिए जाने पर थाना बारासगवर पुलिस ने दलित उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर मनचले ने युवती से की छेड़छाड़ दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत घर में घुसकर छेड़छाड़ किये जाने पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के गाँव से पीड़िता की माँ ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री की फरवरी माह में शादी तय है। वह खेत गयी थी तभी मेरी पुत्री को घर मे अकेला पाकर गाँव के रहने वाले विक्की उर्फ आनन्द पुत्र बचनू गलत इरादे से घर में घुसकर पुत्री से छेड़छाड़ करने लगा व कपड़े फाड़ दिये तब तक जब वह घर पहुँची तब उसने जान से मारने की धमकी देने के साथ कहा तुम अपनी पुत्री की शादी नहीं कर पाओगी। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## लगातार हो रही बारिश से बाजार में पसरा सन्नाटा, घरों में दुबके लोग

बीघापुर, उन्नाव। क्षेत्र में लगातार 18 घंटे से हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के कारण अधिकतर बाजार बंद हैं और लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार, पूरे दिन बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। बारिश से गांवों में भी परेशानी बढ़ गई है। हल्की बारिश के कारण गांवों में कीचड़ हो गया है। इसका मुख्य कारण हर घर जल योजना के तहत किए गए कार्य बताए जा रहे हैं। बारिश का फसलों पर मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। भारतीय किसान यूनियन भानू के मंडल महासचिव और फसल चिकित्सक बृजेंद्र सिंह राजू ने बताया कि इस बारिश से गन्ना, धान और दलहन की फसलों को फायदा होगा। वहीं दूसरी ओर, तिल, केला और सब्जी वर्गीय फसलों जैसे मूली, फूलगोभी, टमाटर और मिर्च को नुकसान होने की संभावना है। बारिश के कारण स्थानीय व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों की आवाजाही न होने से उनका कारोबार पूरी तरह से ठप हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ घंटों में बारिश थमने की उम्मीद है, जिससे स्थिति सामान्यहोने की संभावना है।

# मूसलाधार बारिश से कई मोहल्लों में हुआ जल भराव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। रविवार देर रात हल्की बारिश के बाद सोमवार की सुबह से तेज और रुक-रुक कर मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। यह बारिश पूरे दिन हल्की हवाओं के साथ जारी रही। इस अचानक हुई भारी बारिश ने तापमान में उल्लेखनीय गिरावट लाकर लोगों को गर्मी से राहत दी। वहीं दूसरी ओर जलभराव की समस्या ने शहर और कस्बों के निवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 24 घंटे के भीतर जिले में 32 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इस बारिश के कारण अधिकतम तापमान गिरकर 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस पर पहुँच गया है। यह बीते कुछ दिनों की तुलना में काफी कम है। बारिश की वजह से वातावरण में ठंडक और नमी दोनों बढ़ गई हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी भवाने प्रसाद ने बताया कि अभी बारिश थमने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक जिले में मध्यम से भारी वर्षा की संभावना जताई है। इसे देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है। जिले भर के सभी तहसील और ग्राम स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे बारिश के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें।बारिश का सबसे अधिक असर नगर के शुक्लागंज क्षेत्र में देखने को मिला है। यहां की कई गलियों और मोहल्लों में भारी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण घरों के बाहर पानी भर गया है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। कई स्थानों पर स्कूली बच्चों और कामकाजी लोगों को कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा।स्थानीय निवासी उमेश कुमार ने बताया, ₹शहर की जलनिकासी व्यवस्था पहले से ही खराब है। बारिश होते ही घरों के सामने नालों का पानी भर जाता है। कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती।₹ वहीं कुछ दुकानदारों ने बताया कि जलभराव के कारण उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।बारिश का फायदा भी हुआ है। जिले के किसान इस बारिश से बेहद खुश हैं। खरीफ की फसलों जैसे धान, मक्का और अरहर को इस समय पानी की जरूरत थी, जो इस बरसात से पूरी हो गई है। किसान नेता अजय अनमोल ने कहा कि ₹इस समय हुई बारिश से खेतों की नमी बनी रहेगी और बुआई के बाद फसलों को अच्छी बढ़त मिलेगी। यह बारिश वरदान साबित होगी। ₹प्रशासन की ओर से नगर पालिका और पंचायत विभाग को जलभराव की स्थिति से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

# सावन के अंतिम सोमवार को गंगा तटों पर लगी श्रद्धालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सावन माह के चौथे सोमवार को आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने हर-हर बम-बम के जयकारों के साथ पवित्र गंगा में डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालु शहर और ग्रामीण इलाकों के प्रमुख शिवालयों की ओर गए। वहां भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की गई। बीघापुर, शुक्लागंज, परियर और सफीपुर के विभिन्न घाटों पर स्नानार्थियों की लंबी कतारें दिखीं। पुलिस प्रशासन ने घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। महिला कांस्टेबलों की तैनाती के साथ जल पुलिस की नावें गश्त करती नजर आईं। शहर के प्रमुख मंदिरों में बुढ़वा महादेव, बड़ा शिवाला, कलेक्टरगंज शिव मंदिर, बैसवारा नाथ मंदिर और पुरवा के बाबा त्रिलोकी नाथ मंदिर शामिल हैं।इन सभी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों को सजाया गया था और जगह-जगह भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। बम-बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक किया। साथ ही बेलपत्र, धतूरा, आक, भांग और दूध चढ़ाकर बाबा भोलेनाथ को प्रसन्न किया। इस अवसर पर कांवड़ यात्रा पर निकले कई जत्थे भी जिले से होकर गुजरे।शिवभक्त कांवड़ियों ने भजन गाते हुए डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए गंगाजल लेकर मंदिरों में जलाभिषेक किया। प्रशासन ने यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए थे। कई स्थानों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर वाहन संचालन को नियंत्रित किया गया।शुक्लागंज और गंगा घाटों के पास पुलिस के अलावा स्थानीय स्वयंसेवकों को भी तैनात किया गया था। इन्होंने श्रद्धालुओं की मदद की। सावन के इस विशेष सोमवार को महिलाओं और युवाओं की भी भारी भागीदारी देखी गई। कई महिलाएं व्रत रखकर गंगा स्नान के बाद भोलेनाथ को श्रृंगार समर्पित कर पूजा करती नजर आईं। युवाओं में भी गहरी आस्था देखने को मिली।

# पिता की मौत के सदमे में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना दही क्षेत्र के लोधनहार गांव में एक युवक ने पिता की मौत के सदमे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक मनोज अपने पिता की मृत्यु के बाद से गहरे मानसिक तनाव में था। मृतक के छोटे भाई अजय कुमार ने बताया कि उनके पिता की मौत 4 जुलाई को हुई थी। इसके बाद से मनोज बुरी तरह टूट गया था। वह अक्सर शराब पीने लगा था और मानसिक रूप से अस्थिर रहने लगा था। परिजनों ने कई बार उसे समझाने की कोशिश की। लेकिन वह इस सदमे से उबर नहीं सका।अजय ने बताया, ₹पापा की मौत के बाद से वह हर समय चुपचाप रहने लगा था। बीती रात वह घर के एक कमरे में चला गया। सुबह काफी देर तक बाहर नहीं आया। हमने जाकर देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था। किसी तरह दरवाजा तोड़ा गया। देखा कि वह फंदे से झूल रहा था।₹ घटना की सूचना मिलने पर थाना दही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उन्नाव मोर्चरी भेज दिया गया। इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। सोमवार को जब परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मां और अन्य परिजन मृतक के शव से लिपटकर बिलखते रहे। थाना दही के प्रभारी संजीव कुशवाहा ने बताया, ₹हमें सूचना मिली थी कि लोधनहार निवासी एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# कांग्रेस ने आयोजित किया बौद्धिक सम्मेलन व सदस्यता ग्रहण समारोह

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कांग्रेस द्वारा आयोजित बौद्धिक सम्मेलन और सदस्यता ग्रहण समारोह में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की संवैधानिक संस्थाओं को पूरी तरह हाईजैक कर लिया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हो रहा है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है। उन्होंने आरोप लगाया, ₹आज सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स जैसी संस्थाएं भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं। विपक्षी दलों को डराने के लिए इन संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। यह लोकतंत्र नहीं, तानाशाही है।₹पंचायत चुनावों की तैयारियों पर अजय राय ने कहा कि कांग्रेस पूरी ताकत से मैदान में उतरेगी। वे गांव-गांव जाकर भाजपा की नाकामी उजागर करेंगे। उन्होंने दावा किया कि जनता भाजपा से ऊब चुकी है और बदलाव चाहती है। विदेश नीति पर बात करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ₹मोदी जी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने सरेंडर कर दिया। विदेशी मंचों पर देश की गरिमा से ज्यादा अपनी छवि को चमकाने पर जोर दिया गया।₹शिक्षा व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा को समाप्त करने पर तुली है। सरकारी स्कूलों की स्थिति बदहाल है। नई शिक्षा नीति में गरीबों और मध्यम वर्ग के बच्चों के लिए अवसर सीमित हो रहे हैं। इंडिया-पाकिस्तान संबंधों पर अजय राय ने कहा, ₹पाकिस्तान से किसी भी तरह का रिश्ता नहीं रखना चाहिए। लेकिन अगर बात क्रिकेट मैच की हो, तो वह बिल्कुल होना चाहिए। खेल को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिए।₹ उन्होंने भाजपा पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया। एक तरफ पाकिस्तान से व्यापारिक संबंध चलते हैं और दूसरी ओर मंचों से युद्ध की बात की जाती है। अंत में अजय राय ने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बचाना है।

# सीडीओ ने ब्लाक का किया औचक निरीक्षण, मची अफरा तफरी



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। मुख्य विकास अधिकारी कृतिका राज ने ब्लाक परिसर का औचक निरीक्षण किया खण्ड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी सहित सभी अन्य जिम्मेदार रहे डरे सहमे कई कर्मचारी रहे निरीक्षण के दौरान मौजूद नहीं मिले फैमली आईडी निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई ब्लाक मुख्यालय के निरीक्षण के बाद मुख्य विकास अधिकारी कृतिका राज खण्ड विकास अधिकारी को साथ लेकर क्षेत्र का भ्रमण किया क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों एवम गौ संवर्धन केंद्र का किया निरीक्षण किया मवई भान ग्राम पंचायत में समूह द्वारा संचालित हाट मिक्स प्लांट का भी निरीक्षण किया जबकि सीडीओ के प्रश्नों का जवाब जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे पाए क्षेत्र के मखदूम नगर, लहबर पुर गांव भी पंहुची मुख्य विकास अधिकारी रुक रुक कर हो रही बरसात के बीच सीडीओ के औचक निरीक्षण के चलते लापरवाह कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा।

# 17 साल से लापता महिला अचानक पहुंची अपने घर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शुक्लागंज के गोताखोर मोहल्ले में एक अद्भुत घटना सामने आई है। 17 साल से लापता महिला सलमा अचानक घर लौट आई है। मानसिक रूप से अस्वस्थ होकर गायब हुई सलमा को उसके परिजनों ने मृत मान लिया था। परिवार ने पूरे रीति-रिवाजों से उसका फातिया और चालीसवां भी कर दिया था। अब वर्षों बाद उसकी वापसी ने पूरे मोहल्ले को भावविभोर कर दिया है। सलमा का विवाह मात्र 18 वर्ष की आयु में गोताखोर मोहल्ले के निवासी गामा से हुआ था। शादी के बाद उसे तीन बच्चे हुए। दो बेटे और एक बेटी। दुर्भाग्य से तीनों बच्चों की जन्म के कुछ समय बाद ही मृत्यु हो गई।इन दुखद घटनाओं से सलमा गहरे मानसिक सदमे में चली गई। कुछ समय बाद वह घर से अचानक गायब हो गई। परिजनों ने उसे लखनऊ, बहराइच, फतेहपुर और कानपुर सहित कई स्थानों पर खोजा। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। लगभग पांच वर्षों तक जब सलमा का कोई पता नहीं चला, तब परिवार ने उसे मृत मान लिया। धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार उसका फातिया और चालीसवां भी कर दिया गया। हाल ही में गंगाघाट पुलिस को लखनऊ के राजकीय मानसिक चिकित्सालय से सूचना मिली। वहां भर्ती एक महिला अपने परिवार के बारे में जानकारी दे रही थी। पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया। सूचना मिलते ही सलमा की मां, बड़ी बहन रानी और मंझली बहन मन्नी लखनऊ पहुंचे। जब उन्होंने सलमा को देखा तो आंखों से आंसू बह निकले। वर्षों बाद अपनी बेटी को जिंदा देखकर सभी भावुक हो उठे। जानकारी के अनुसार, सलमा कई सालों तक पश्चिम बंगाल के एक स्वधार गृह में रह रही थी। वहां उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान जब उसकी स्थितिमें सुधार हुआ, तो उसने अपने परिवार के बारे में बातें करना शुरू किया। इसी आधार पर अस्पताल प्रशासन ने पुलिस की मदद से परिजनों को ढूंढा।

# अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार युवक को रौंदा,मौके पर दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हरदोई उन्नाव मार्ग स्थित जटापुर गांव के सामने हरियाली ढाबा के निकट डफर ने बाइक सवार युवक को रौंद डाला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि शव कई मीटर तक घिसटता चला गया।मिली जानकारी के अनुसार बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के भवानी खेड़ा गांव निवासी अमरसिंह का 20 वर्षीय बेटा सुजीत आज दोपहर एक बजे मल्लावां क्षेत्र के सुनासीर नाथ मंदिर में दर्शन करने गया था.जहां से वापस अपने मौसिया रामपाल निवासी अहिरन पुरवा आया था.जहां से वापस अपने घर लौट रहा था.इसी दौरान जकटापुर गांव के पहले सफीपुर निवासी राजीव सिंह पुत्र हरिराज सिंह उम्र 21 वर्ष की बाइक में डफर ने टक्कर मारी.उसी दौरान आगे चल रहे सुजीत की बाइक में टक्कर मार दी.जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई.मृतक सुजीत अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर का था.बड़ा भाई सुनील ,सुधीर,सबसे छोटा अंकुल जिसमें दो भाइयों की शादी हो चुकी है।जिसमें मृतक सुजीत की शादी तय हो चुकी है।कल रविवार शाम 6 बजे दिल्ली से अपने घर लौटा था.घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।वही कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया डंफर व चालक को पुलिस ने मौके पकड़ लिया है.साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ओपन रिसोर्स पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



असोहा, उन्नाव। राजकीय महाविद्यालय गोसाई खेड़ा में नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी अवेयरनेस एवं एजुकेशनल ओपन रिसोर्स पर कार्यशाला का आयोजन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड से किया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो दीप्ति खरे ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया और डॉ पूनम चौहान ने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी पर रजिस्ट्रेशन कैसे करते हैं यह बच्चों को सिखाया। इस प्लेटफार्म पर किताब कैसे सर्च करते हैं, रिसोर्सेस कैसे देखते हैं, यूट्यूब सर्च, वीडियो लेक्चर, नोट्स सर्च, इन सभी के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई, जिससे कि उनको आगे सर्च करने में आसानी हो सके। इस प्लेटफार्म का उपयोग करके छात्र-छात्राएं अपनी विषय से संबंधित पुस्तक व नोट्स इत्यादि तैयार कर सकते हैं एवं बड़ी आसानी से ऑनलाइन कंटेंट उनको उपलब्ध हो सकता है। महाविद्यालय की तरफ से नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी क्लब भी खोला गया है जिसमें सभी छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया गया है। इस क्लब के एग्जीक्यूटिव मेंबर डॉ ज्योति वाजपेयी, डॉ प्रियंका गौड, डॉ दीक्षा शर्मा और डॉ प्रशांत सिंह है तथा क्लब की प्रेसिडेंट डॉक्टर पूनम चौहान है। जिस पर सभी छात्राएं एकत्रित होकर अपना कोई भी कार्य एक दूसरे से साझा कर सकते हैं। यह प्रक्रिया बहुत ही आसान व सुविधाजनक है एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए जिनके पास आधारभूत सुविधाओं की कमी रहती है उनके लिए अत्यंत उपयोगी है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय से अंग्रेजी विभाग में असिस्टेंट प्रो डॉक्टर दीक्षा शर्मा ने प्राचार्य का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय परिवार से समस्त शिक्षक गण प्रो रश्मि श्रीवास्तव, प्रो आर पी वर्मा, डॉ सुनीता रावत, जितेंद्र कुमार, डॉ प्रियंका गौड़, डॉ ज्योति बाजपेई, डॉ सोहन यादव, डॉ प्रशांत सिंह, डॉ कीर्ति मदनानी, डॉ राधेश तथा समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लगातार हो रही बारिश से बढ़ रहा है गंगा नदी का जलस्तर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश और कानपुर बैराज से छोड़े जा रहे नियंत्रित जल के कारण गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार को सुबह 8 बजे गंगा का जलस्तर 110.98 मीटर दर्ज किया गया। यह चेतावनी स्तर 112 मीटर से महज 1.02 मीटर नीचे है। बीते तीन दिनों में जलस्तर में करीब 34 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ती स्थिति को लेकर प्रशासन के साथ-साथ तटीय क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की चिंता भी बढ़ गई है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, शनिवार शाम 6 बजे तक गंगा का जलस्तर 110.60 मीटर था। रविवार को सुबह यह बढ़कर 110.67 मीटर हो गया। शाम तक यह 110.70 मीटर तक पहुँच गया। सोमवार की सुबह इसमें अचानक तेजी दर्ज की गई। यह बढ़कर 110.98 मीटर पर पहुँच गया। इस रफ्तार को देखते हुए अनुमान है कि यदि जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा, तो अगले कुछ दिनों में यह चेतावनी सीमा को पार कर सकता है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से गंगाघाट, शुक्ला गंज, बारा सिरौली, सफीपुर, बक्सर सहित कई तटीय और निचले इलाकों में कटानऔर जलभराव का खतरा बढ़ गया है। इन क्षेत्रों के ग्रामीणों की नींद एक बार फिर उड़ गई है। कई स्थानों पर ग्रामीणों ने घरों का सामान समेटकर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन शुरू कर दिया है। खेतों में खड़ी फसलें डूबने लगी हैं। इससे किसानों को भी भारी नुकसान होने की आशंका है। जिला प्रशासन ने कहा है कि हालात पर नजर रखी जा रही है। जलस्तर चेतावनी स्तर के करीब पहुंचने पर राहत एवं बचाव की कार्य योजना पहले से ही चालू कर दी गयी है। बढ़ते जलस्तर की सूचना के बाद सिंचाई विभाग और नगर पालिका की टीमें तटीय क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही हैं। साथ ही ग्रामीणों को अलर्ट रहने की सलाह दी गई है।

# अलग-अलग सड़क हादसे

### ओमनी वैन को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर दो घायल; बाइक से गिरी बुजुर्ग महिला घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। पहली घटना में लखनऊ से बांगरमऊ की ओर आ रही एक ओमनी वैन को अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान जनपद कानपुर नगर के ककवन थाना क्षेत्र के मौजमपुर गांव निवासी 45 वर्षीय जयबिद पुत्र शिवसिंह और उनके 38 वर्षीय साथी गोविंद पुत्र रामकुमार के रूप में हुई है। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।दूसरी घटना बांगरमऊ-संडीला मार्ग स्थित आरएस चौराहे पर हुई। यहां बाइक पर सवार एक बुजुर्ग महिला अचानक चलती बाइक से नीचे गिर गई। गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान जोगीकोट थाना बेहटा मुजाबर निवासी 58 वर्षीय प्रेमकुमारी पत्नी कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। उन्हें सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।स्थानीय पुलिस ने दोनों घटनाओं का संज्ञान लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# क्रेडिड कार्ड से हुई धोखाधड़ी का लाखो रुपया पुलिस ने कराया वापस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस ने साइबर अपराध के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बार फिर मिसाल पेश की है। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अकरमपुर निवासी रजत कुमार के क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी कर निकाली गई 1,51,707 रुपए की पूरी राशि वापस दिला दी गई है। रजत कुमार ने 18 जुलाई को साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 51 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर ली है। शिकायत मिलते ही कोतवाली सदर पुलिस टीम सक्रिय हुई और मामले की जांच शुरू की। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार, अपराध निरीक्षक राजेश कुमार यादव और महिला आरक्षी सोनिया शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अधिकारियों ने बैंक और साइबर क्राइम यूनिट के समन्वय से तकनीकी विश्लेषण किया। फ्रॉड की गई रकम को ट्रैक करके ब्लॉक कराया और रिफंड की प्रक्रिया शुरू करवाई।लगातार प्रयासों के बाद सोमवार को पीड़ित के खाते में संपूर्ण राशि वापस करा दी गई। पैसे वापस मिलने पर रजत कुमार ने उन्नाव पुलिस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ₹मैं पुलिस की टीम का दिल से धन्यवाद करता हूं। इतनी बड़ी रकम वापस मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मुझे उम्मीद नहीं थी कि इतनी जल्दी मदद मिलेगी।₹ सीओ सिटी सोनम सिंह ने मीडिया को बताया कि साइबर अपराध की शिकायत पर पुलिस की टीम ने तकनीकी रूप से प्रभावी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में तुरंत सूचना देना बेहद जरूरी होता है। तभी समय रहते धनराशि को सुरक्षित किया जा सकता है। सदर कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2025 में करीब 8 लाख रुपए की रिकवरी की है।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारा सगवर अंतर्गत जमीन को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गयी जिसमे एक पक्ष घायल हो गया। घायल पक्ष के द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्भी निवासिनी तारा पत्नी सत्रुघन सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार को टंडसपुर स्थित जमीन पर वह सोनी सिंह पत्नी स्व० रामराम सिंह व गुड़िया सिंह पत्नी राम किसोर काम करने गयी थी तभी टंडसपुर के सत्येन्द्र सिंह व उनकी पत्नी स्मृता सिंह व ममता सिंह पत्नी जितेन्द्र प्रताप सिंह व अभय प्रताप पुत्र हरजेन्द्र सिंह ने भ ?द्दी-2 गाली देना शुरू कर दिया मना करने पर ईंट पत्थर उठा कर मारने पीटने लगे जिससे हम लोगो के शरीर में चोटे आयी है। अन्य लोगो के द्वारा बीच बचाव करने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# विद्यालय परिसर में कमरे व किचन में घुसा बरसाती पानी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के शंकरपुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रथम में लगातार हो रही बारिश का पानी कमरों और किचन तक पहुंच गया है। इससे स्कूल का बरामदा, कमरे और किचन जलमग्न हो गए हैं। पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण मौसम में बदलाव आया है। इसी वजह से आज स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। विद्यालय की इंचार्ज शिक्षिका अर्चना द्विवेदी ने जल भराव की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी को दी।सूचना मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश श्रीवास्तव ने तत्काल स्कूल का दौरा किया। उन्होंने स्कूल का निरीक्षण करने के बाद सफाई कर्मी को छत पर भेजकर साफ-सफाई कराई।

# फैक्ट्री प्रबंधक ने दो लोगों पर दर्ज कराया मारपीट का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र बारा खेड़ा गांव के बाहर स्थित जय श्री कृष्णा ग्रीन इंडिया बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के प्रबंधक अंकित कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के बाहर बायोडीजल बनाने की फैक्ट्री संचालित है जो शासन के द्वारा निर्धारित सभी मानकों पर है उसके बावजूद नेवाज खेड़ा गांव के निवासी प्रेम प्रकाश व ओम प्रकाश ने गांव वालों को भड़काकर 24 जुलाई को फैक्ट्री के सामने विरोध प्रदर्शन कर फैक्ट्री कर्मचारी के साथ मारपीट की, प्रबंधक ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट जान से मारने की धमकी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि प्रबंधक की तहरीर पर बारा खेड़ा गांव निवासी दो युवकों पर गाली गलौज जान से मारने की धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सम्पादकीय

# अदालतों में बेनकाब हो रही जांच एजेंसियों की विफलताएं

क्या हमारी जांच एजेंसियां कॉम्पिटेंट नहीं रह गई हैं। मुंबई सीरियल ब्लास्ट और मालेगांव ब्लास्ट केस की जांच में जिस तरह आरोपित बरी हो गए, उससे लगता है कि पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी जैसी एजेंसियों ने सुबूत जुटाने में कानूनी बारीकियों पर ध्यान नहीं दिया। आखिर घटना तो घटी है। 11 जुलाई 2006 को मुंबई में लोकल ट्रेन में सीरियल ब्लास्ट हुए थे, जिसमें 178 से अधिक लोग मारे गए थे, उसी तरह मालेगांव ब्लास्ट में भी 7 लोग मारे गए थे व 93 लोग घायल हुए थे। जिन मामले में आतंकी कनेक्शन हैं, उसकी जांच में भी ऐसी लापरवाही आखिर क्यों? ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है कि एनआईए, सीबीआई, एसआईटी जैसी विशेषज्ञ जांचकर्ता वाली एजेंसियां अपने काम में कोताही बरतती होंगी, या उन्हें तकनीकी जांच का तरीका नहीं मालूम है। इसके बाद भी अगर आतंकी कनेक्शन वाले ब्लास्ट केसों में आरोपित बरी हो जा रहे हैं, हमारी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठेंगे ही। आखिर अदालतों में जांच एजेंसियों की विफलताएं क्यों बेनकाब हो रही है? करीब 17 वर्ष पहले 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था, जिसमें भगवा आतंकवाद का जुमला कांग्रेस की तरफ से उछला था। मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने इस मामले में अभियुक्त रहीं बीजेपी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर व कर्नल पुरोहित समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। विशेष अदालत के न्यायाधीश एके लाहोटी ने सभी अभियुक्तों को निर्दोष करार देते हुए कहा, 'यह एक अत्यंत गंभीर मामला है, जिसमें आम नागरिकों की जान गई, लेकिन अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने के लिए निर्णायक सबूत पेश नहीं कर पाया।' न्यायाधीश लाहोटी ने कहा, 'केवल शक के आधार पर आरोप सिद्ध नहीं किए जा सकते।' अदालत की टिप्पणी जांच एजेंसियों के कामकाज की कलई खोलती है। अदालत ने ऐसी ही सख्त टिप्पणी मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस में भी सभी 12 आरोपियों को बरी करते हुए की थी। मालेगांव ब्लास्ट किसने करवाया, 17 साल बाद भी इस सवाल का कोई जवाब नहीं मिला है। इसी तरह मुंबई सीरियल ब्लास्ट के गुनहगारों का भी पता नहीं लगाया जा सका है। एक ही महीने में आए इन दो फ़ैसलों ने जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मालेगांव का मामला इसलिए भी अधिक संवेदनशील और राजनीतिक रूप से बड़ा बन गया, क्योंकि पहली बार ऐसी घटना में हिंदुत्ववादी संगठनों से जुड़े लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। इसके अलावा, लेफ़्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को भी धमाके की साज़िश के आरोप में अभियुक्त बनाया गया था। वे उस समय भारतीय सेना में कार्यरत थे। ऐसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था। अभी कुछ ही दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सुप्रीम कोर्ट ने उसकी कार्यप्रणाली व कनविक्शन रेट को लेकर फटकार लगाई थी। ऐसा लग रहा है कि जांच एजेंसियां गंभीरता से तथ्यों के आधार पर काम नहीं कर रही हैं, परसेप्शन व शक को अधिक तरजीह दे रही हैं, शायद इसलिए केस अदालतों में नहीं ठहर रहे हैं। सरकार की ओर से लोकसभा में दिए गए आंकड़े के मुताबिक, ईडी की सफलता दर सिर्फ 0.13 फीसदी है 5892 मामले दर्ज किए, जिसमें 77% में साक्ष्य नही और केवल 8% दोषी करार दिए गए। पिछले दस सालों में ईडी ने राजनेताओं के खिलाफ 193 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से केवल दो में ही केस बने। जांच एजेंसियों को आत्मावलोकन करना चाहिए और मुंबई-मालेगांव ब्लास्ट के दोषियों का पता लगाना चाहिए।

# भूकंप-सुनामी दे रहे खतरनाक संदेश



रूस त्रासदी
प्रमोद भार्गव

> रूस के पूरब में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई 2025 को आए भूकंप के झटकों से कामचटका और उसके आसपास कुरील द्वीप समूह के भूखंड हिल गए। इसे विश्व में आए सबसे तीव्र भूकंपों में दर्ज किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान और अनेक लोगों के घायल होने की सूचनाएं हैं, इसके असर से प्रायद्वीप के समुद्र तटों से 16 फीट ऊंची सुनामी जैसी लहरें टकराईं, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसकी तुलना मार्च 2011 में जापान में आए 9 .0 तीव्रता के भूकंप से की जा रही है। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाशकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है।

तीन साल से भी अधिक समय से यूक्रेन से युद्ध लड़ रहे रूस में 8.8 तीव्रता के भीषण भूकंप ने नई त्रासदी खड़ी कर दी है। रूस के पूरब में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई 2025 को आए भूकंप के झटकों से कामचटका और उसके आसपास कुरील द्वीप समूह के भूखंड हिल गए। इसे विश्व में आए सबसे तीव्र भूकंपों में दर्ज किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान और अनेक लोगों के घायल होने की सूचनाएं हैं, इसके असर से प्रायद्वीप के समुद्र तटों से 16 फीट ऊंची सुनामी जैसी लहरें टकराईं, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसकी तुलना मार्च 2011 में जापान में आए 9.0 तीव्रता के भूकंप से की जा रही है। इसे समुद्री सुनामी कहा गया था। इस सुनामी से जापान के फुकुशिमा, दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र का कूलिंग सिस्टम निष्क्रिय करना पड़ा था। कामचटका में चार नवंबर 1992 को आए 9.0 तीव्रता के भूकंप के कारण भारी क्षति हुई थी। इस भूकंप से जनहानि इसलिए नहीं होने पाई, क्योंकि भूकंप क्षेत्र से रूस का बड़ा शहर पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्सकी लगभग 119 किमी की दूरी पर है। यहां की आबादी 18 लाख हैं।

भूकंप के बाद आने वाली सुनामी के खतरे से जापान, चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, अमेरिका और प्रशांत महासागर के तटवर्ती देशों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। जापानी और अमेरिकी भूकंप वैज्ञानिकों ने बताया कि इस भूकंप की आरंभिक तीव्रता 8.0 थी, किंतु अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इस तीव्रता का आकलन 8.8 किया और इसे 20.7 किमी भू-गर्भ से आना बताया है। अलास्का स्थित राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केन्द्र के समन्वयक डेव स्नाइडर का कहना है कि सुनामी जैसी लहरों का प्रभाव कई घंटों या एक दिन से भी अधिक समय तक रह सकता है। सुनामी एक विमान की गति से सैकड़ों मील प्रति घंटे की रफ्तार से समुद्र पार करती है। किंतु जब लहरें किनारे के निकट पहुंचती हैं, तब उनकी गति धीमी पड़ जाती है। किंतु किनारे पर इनके एकत्रीकरण से जल प्रलावन की आशंका बढ़ जाती है। इस कारण पानी की ये लहरें धरती पर पहुंचती हैं और आगे- पीछे होती रहती हैं। दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में हमारा भी हाथ होता है। प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में जो भूकंप आया था, उनसे 20 थर्मान्यूक्लियर हाइड्रोजन बमों के बराबर ऊर्जा निकली थी। यहां हुआ प्रत्येक विस्फोट हिरोशिमा-नागाशाकी में गिराए गए परमाणु बमों से भी कई गुना ज्यादा ताकतवर था। 2011 में जापान और फिर क्योटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चलता है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी



अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भी भूकंप के मुहाने पर हैं। जापान, इक्वाडोर और नेपाल समेत पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेशिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है,जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं। भूकंपों की उत्पत्ति धरती की सतह से 30 से 100 किमी भीतर होती है। जापान के कुमामोतो में आया भूकंप जमीन से 20 किमी और क्योटो का 10 किमी नीचे था। जबकि नेपाल में जो भूकंप आया था, वह जमीन से महज 15 किमी नीचे था। इससे यह वैज्ञानिक धारणा भी बदल रही है कि भूकंप की विनाशकारी तरंगें जमीन से कम से कम 30 किमी नीचे से चलती हैं। ये तरंगें जितनी कम गहराई से उठेंगी, उतनी तबाही भी ज्यादा होगी और भूकंप का प्रभाव भी कहीं अधिक बड़े क्षेत्र में दिखाई देगा। लगता है अब कम गहराई के भूकंपों का दौर चल पड़ा है। दरअसल, सतह के नीचे धरती की परत ठंडी होने व कम दबाव के कारण कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब चट्टानें दरकती हैं तो भूकंप आता है। कुछ भूकंप धरती की सतह से 100 से 650 किमी के नीचे भी आते हैं,लेकिन तीव्रता धरती की सतह पर आते-आते कम हो जाती है,इसलिए बड़े रूप में त्रासदी नहीं झेलनी पड़ती है। दरअसल इतनी गहराई में धरती इतनी गर्म होती है कि एक तरह से वह द्रव रूप में बदल जाती है। इसलिए इसके झटकों का असर धरती पर कम ही दिखाई देता है। धरती की इतनी गहराई से प्रगट हुआ सबसे बड़ा भूकंप 1994 में बोलिविया में रिकॉर्ड किया गया है। पृथ्वी की सतह से 600 किमी भीतर दर्ज इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.3 मापी गई थी। इसीलिए यह मान्यता बनी है कि इतनी गहराई से चले भूकंप धरती पर तबाही मचाने में कामयाब नहीं हो सकते हैं, क्योंकि चट्टानें तरल द्रव्य के रूप में बदल जाती हैं। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाशकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है।

यूरोपीय देशों में दो शताब्दियों के भीतर बेतहाशा अमीरी बढ़ी है। औद्योगिकीकरण और शहरीकरण इसी अमीरी की उपज है। यह कथित विकासवादी अवधारणा कुछ और नहीं, प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन कर, पृथ्वी को खोखला करने के ऐसे उपाय हैं, जो ब्रह्मांड में फैले अवयवों में असंतुलन बढ़ा रहे हैं। नतीजतन जो कॉर्बन गैसें बेहद न्यूनतम मात्रा में बनती थीं, वे अब अधिकतम मात्रा में बनने लगी हैं। धरती पर पड़ने वाली सूरज की गर्मी प्रत्यावर्तित होने की बजाय, धरती में ही समाने लगी है। गोया, धरती का तापमान बढ़ने लगा, जो जलवायु परिवर्तन का कारण तो बना ही, प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी बन रहा है।

## अर्थव्यवस्था

राजेश माहेश्वरी



# डिजिटल भुगतान से आर्थिक विकास को मिली नई गति

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से हाल ही में जारी किए गए एक नोट, 'बढ़ता रिटेल डिजिटल भुगतानः इंटरऑपरेबिलिटी का महत्व' के अनुसार, भारत तेज भुगतान में ग्लोबल लीडर बनकर उभरा है। इस बदलाव का मूल आधार एकीकृत भुगतान इंटरफेस है, जिसे यूपीआई के नाम से जाना जाता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 2016 में लॉन्च किए गए यूपीआई ने देश में लोगों के पैसे भेजने और प्राप्त करने के तरीके को बदल दिया है। आज, भारत में यूपीआई के माध्यम से हर महीने 18 बिलियन से अधिक ट्रांजेक्शन होते हैं। यूपीआई अब केवल एक भुगतान प्रणाली नहीं है। यह सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे में नवाचार के लिए एक वैश्विक मानक है। आज यूपीआई का स्तर उल्लेखनीय है। अकेले जून 2025 में, इसने 24.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक के भुगतान किए। इसके जरिए 18.39 बिलियन ट्रांजेक्शन किए गए। बीते साल इसी महीने 13.88 बिलियन लेन-देन की तुलना में हुई यह प्रगति स्पष्ट है। केवल एक साल में इसमें लगभग 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यूपीआई प्रणाली अब 491 मिलियन लोगों और 65 मिलियन कारोबारियों को सेवाएं देती है। यह 675 बैंकों को एक ही मंच पर जोड़ती है, जिससे लोग बिना किसी चिंता के आसानी से भुगतान कर सकते हैं कि वे किस बैंक का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत के डिजिटल भुगतान का दायरा अभूतपूर्व वृद्धि के साथ पूरी दुनिया में अग्रणी बन चुका है। इस डिजिटल भुगतान की लहर ने विशेष रूप से वंचित एवं ग्रामीण समुदायों के वित्तीय लेनदेन में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। मोदी सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया-एनपीसीआई, फिनटेक कंपनियों, बैंकों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर डिजिटल भुगतान की पहुंच बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। खास तौर पर टियर-2 और टियर-3 शहरों के साथ पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू और कश्मीर जैसी पिछड़े और संवेदनशील क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती करने के लिए 2021 में आरबीआई ने पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड- पीआईडीएफ की स्थापना की। अब तक इस फंड के माध्यम से लगभग 4.77 करोड़ डिजिटल टच पॉइंट देशभर में तैनात किए जा चुके हैं। ये टच पॉइंट डिजिटल भुगतान की सुविधाओं को छोटे से छोटे गांव, कस्बा, सरकारी दफ्तर और व्यापारी केंद्रों तक पहुंचाने में सहायक हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान की प्रगति को मापने के लिए डिजिटल भुगतान सूचकांक यानी आरबीआई—डीपीआई विकसित किया है, जो हर छह महीने में प्रकाशित होता है। यह सूचकांक मार्च 2025 तक 493.22 पर पहुंच गया, जो देशभर में डिजिटल भुगतान के अपनाने, बुनियादी ढांचे और प्रदर्शन में निरंतर बढ़ोत्तरी को दर्शाता है। यह संकेत है कि भारत का डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से सशक्त हो रहा है। यूपीआई की मदद से लाखों छोटे विक्रेता डिजिटल भुगतान स्वीकार कर पा रहे हैं, जिससे नकद लेनदेन की निर्भरता कम हो रही है। इसके अलावा, छोटे व्यापारियों के लिए कम-मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देना, टीआरईडीएस के माध्यम से छूट देने की व्यवस्था और डेबिट कार्ड लेनदेन के लिए व्यापारी छूट दर को युक्तिसंगत बनाना जैसे कदम डिजिटल भुगतान को अधिक सुलभ और लाभकारी बना रहे हैं। यूपीआई भारत में डिजिटल भुगतान का सबसे लोकप्रिय और व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला माध्यम बना हुआ है। डिजिटल भुगतान की इस तेजी के साथ भारत ने खुद को एक अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी के रूप में स्थापित कर लिया है। डिजिटल रुपया और अंतरराष्ट्रीय डिजिटल भुगतान नेटवर्क के विकास से वित्तीय लेनदेन अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्वरित होंगे। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म्स को और देश-विदेश में विस्तार देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे भारत एक ग्लोबल डिजिटल पेमेंट हब बन सके। भारत यूपीआई को ब्रिक्स समूह में एक मानक बनाने के लिए भी प्रयास कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो इससे रिमिटेंस में सुधार होगा

# हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।


# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से। - कुणाल सिंह ठाकुर

## करंट अफेयर

# रूस के हमले में 31 लोगों की मौत के बाद कीव में शोक दिवस

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में पांच बच्चों समेत 31 लोगों की मौत के एक दिन बाद शुक्रवार को शहर में आधिकारिक शोक दिवस मनाया गया। इस हमले में 150 से अधिक घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि बृहस्पतिवार के हमलों में सबसे कम उम्र का पीड़ित दो वर्ष का था, तथा घायलों में 16 बच्चे शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2022 में शहर पर हवाई हमले शुरू होने के बाद से कीव पर एक ही हमले में मारे गए और घायल हुए बच्चों की यह सबसे अधिक संख्या है। अधिकारियों ने बताया कि रूसी बमबारी से शहर में नौ मंजिला आवासीय इमारत का एक बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया



## ऑफ बीट

# नजरें मिलते ही भांप जाता, कुत्ता पढ़ सकता है आपका दिमाग

**लंदन।** कुत्ते एक शानदार साथी होते हैं क्योंकि आपने गौर किया होगा कि जब आप रो रहे होते हैं तो वे अपने सिर को थोड़ा झुका कर आपको सांत्वना दे रहे होते हैं... जब आप तनाव में होते हैं तो वे दबे पांव आपके समीप आ जाते हैं और जब आप बहुत परेशानी में होते हैं तो वे आपका कभी साथ नहीं छोड़ते। मनुष्य और कुत्ते के हजारों वर्षों के साथ का यह नतीजा है कि वे हमारी आवाज, चेहरे के भावों, यहां तक हमारे मस्तिष्क की रासायनिक गतिविधियों के साथ सामंजस्य कायम कर लेते हैं। लंदन साउट बैंक यूनिवर्सिटी ने अपने नए रिसर्च के बाद यह दावा किया है।



## ट्रेंड

### खाद्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



देशभर के अन्नदाताओं के कल्याण और खाद्य सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में आज प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के बजट को बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। इससे खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर को बढ़ावा मिलने के साथ ही हमारे किसान भाई-बहनों की आय भी बढ़ेगी।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### तिलक को श्रद्धांजलि



देश की स्वाधीनता हेतु अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले 'लोकमान्य' बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनके तेजस्वी विचार सभी देशवासियों को राष्ट्र सेवा एवं समाज उत्थान के कार्यों के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### शुरुआत अपने घर से



बड़े बदलाव की शुरुआत हमेशा अपने घर से ही करनी होती है और हमने यही किया है। आज पहले महिला एवं बाल विकास विभाग को साफ़ किया, कर्मचारियों को जागरूक किया। क्योंकि जब हम खुद बदलाव को जीते हैं तभी समाज को प्रेरित कर सकते हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### नशा विरोधी पाठ्यक्रम



'युद्ध, नशे के विरुद्ध' अब सिर्फ़ नारा नहीं, एक जनआंदोलन बन चुका है। आज से पंजाब के स्कूलों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए नशा विरोधी पाठ्यक्रम शुरू कर दिया गया है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

## संक्षेप

### पेपरलीक मामले में छात्रों पर लाठीचार्ज

**सुल्तानपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को लिखा पत्र, दोषियों पर कार्रवाई की मांग**

सुलतानपुर, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शकील अंसारी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस पत्र में एसएससी परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का मामला उठाया गया है। पत्र में बताया गया है कि गुरुवार को स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की परीक्षाओं में अनियमितता के खिलाफ छात्रों और अध्यापकों ने जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था। आरोप है कि केंद्र सरकार के इशारे पर निहत्थे छात्रों और शिक्षकों पर लाठीचार्ज किया गया। इस घटना में कई छात्र और शिक्षक घायल हुए। कांग्रेस नेता ने पत्र में लिखा है कि छात्रों और शिक्षकों ने सरकार से सवाल किया था कि परीक्षा के प्रश्नपत्र बार-बार लीक क्यों हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि परीक्षा केंद्र 500 किलोमीटर दूर क्यों बनाए गए। और वहां पहुंचने पर परीक्षा रद्द क्यों कर दी गई। पत्र के अनुसार, एसएससी की परीक्षा में 30 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया की मांग की थी। कांग्रेस ने राष्ट्रपति से चार प्रमुख मांगें की हैं।

### प्रेमिका के सामने प्रेमी ने काटा गला

**सूरत से मिलने आया था, साथ चलने की जिद कर रहा था; मना करने पर ब्लेड से काट लिया**

सुलतानपुर, एक प्रेम प्रसंग में युवक ने अपनी प्रेमिका के सामने ब्लेड से अपना गला काट लिया। घटना कोतवाली नगर के कुड़वार नाका स्थित ओवर ब्रिज के नीचे हुई। जानकारी के अनुसार, कुड़वार थाना अंतर्गत अलीगंज रोड निवासी 26 वर्षीय बादल पुत्र राजेंद्र पाल सूरत में एक कंपनी में काम करता था। वहीं पर कुड़वार थाना क्षेत्र की एक महिला भी काम करती थी। यह महिला विधवा है और उसके दो बच्चे भी हैं। पति की मृत्यु के बाद महिला ने परिवार चलाने के लिए सूरत में नौकरी शुरू की थी। बाद में बच्चों के प्रेम में वह वापस लौट आई और यहां एक मॉल में काम करने लगी। सूरत में काम के दौरान उसका अफेयर बादल से हो गया।

### लंभुआ तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस

**183 शिकायतों में से केवल 8 का मौके पर हुआ निस्तारण, शेष के लिए 15 दिन का समय**

सुलतानपुर, लंभुआ तहसील के सभागार में जुलाई माह के अंतिम शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 183 शिकायतें दर्ज हुईं। इन शिकायतों में सबसे अधिक राजस्व विभाग से संबंधित 126 शिकायतें थीं। पुलिस विभाग से 27, विकास विभाग से 15 और अन्य विभागों से 7 शिकायतें प्राप्त हुईं। कुल शिकायतों में से मात्र 8 का निस्तारण मौके पर ही किया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागों को 15 दिनों के भीतर समाधान करने का निर्देश दिया गया है।

# बीडीओ को भनक तक नही, ब्लाक परिसर से काटे गए चौदह हरे भरे पेड़

## इक्कीस माह पूर्व हुए मूल्यांकन के आधार पर वन विभाग ने हरे पेड़ों की जारी की थी कटान परमीशन

### अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज, जाँच शुरू

अमन लेखनी समाचार / आर एन तिवारी

शिवपुर, बहराइच। जिले के शिवपुर ब्लाक परिसर में करीब तीन दशक पूर्व से लगे 14 छायादार हरे पेड़ों को अवैध तरीके से परमिट बनवाकर कर काट लिया गया। खंड विकास अधिकारी को इसकी भनक तक नहीं लगी। वन विभाग ने बिना किसी जांच पड़ताल के इक्कीस माह पूर्व तत्कालीन खंड विकास अधिकारी के पत्र के आधार पर कटान परमिट जारी कर दी। वहीं क्रेता राम भुलावन का कहना है कि मैने पेड़ कटवाने के संबंध में कोई आवेदन नहीं किया है। विकास खंड शिवपुर परिसर में 12 हरे सेमल तथा 2 शीशम के हरे पेड़ लगे थे। तत्कालीन प्रभारी खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव ने 18 अक्टूबर 2023 को प्रभागीय वनाधिकारी को पत्राचार कर उपरोक्त पेड़ों को कटवाने का आवेदन किया था। जिसके तहत नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर राम भुलावन शुक्ला पुत्र स्वामीदयाल के नाम उच्चतम बोली 60,000 लगाने पर नीलामी उनके नाम करते हुए क्षेत्रीय वन विभाग को दस प्रतिशत सुपरवाइजरी चार्ज जमा करते हुए शेष धन ब्लॉक कार्यालय पर शासकीय खाते में जमा करने के लिए आदेशित किया गया था। जबकि क्रेता ने सुपरवाइजरी चार्ज 6000 रुपए जमा कर दिए लेकिन नीलामी रकम शासकीय खाते में नहीं जमा किया। उक्त सम्बन्ध मे गुजरातीपुरवा निवासी भाजपा जिला प्रतिनिधि श्यामसुंदर वर्मा ने अत्यंत कम मूल्यांकन कर पेड़ों की नीलामी का आरोप लगाते हुए दिए गए शिकायती पत्र पर तत्कालीन खंड विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने 21 जून 2024 को उक्त नीलामी प्रक्रिया निरस्त करते हुए निरस्तीकरण पत्र को क्रेता राम भुलावन शुक्ला को रिसीव



कराकर प्रभागीय वनाधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी को भी प्रतिलिपि भेजी थी। वहीं 20 जुलाई 2025 को ब्लॉक परिसर से पेड़ कट जाते है। जिसकी जानकारी होने पर वर्तमान खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने अवैध पेड़ कटने की प्रथम सूचना रिपोर्ट उच्चाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद थाना खैरीघाट में अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई है। लेकिन सवाल इस बात का भी है कि चार दिनों तक पेड़ कटते रहे फिर खंड विकास अधिकारी अंजान कैसे रही। एफआईआर दर्ज कराने में इतनी देरी क्यों हुई। प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय बहराइच में पता करने पर पता चलता है कि उसी 18 अक्टूबर 2023 के तत्कालीन खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव के आवेदन जो 21 जून 2024 को निरस्त कर दिया गया था। उसी को आधार बनाकर बिना कोई जांच, बिना पुनर्मूल्यांकन तथा बिना वर्तमान खंड विकास अधिकारी की जानकारी के राम भुलावन शुक्ला के नाम कटान के आदेश कर दिए गए और आदेश की प्रतिलिपि न तो विकास खंड कार्यालय को भेजी गई और न ही संबंधित थाने को ही भेजी गई। क्रेता राम भुलावन शुक्ला का कथन है कि मैने कोई परमिट नहीं बनवाई है। आखिर क्यों वन विभाग ने 21 माह पूर्व हुए हरे पेड़ों का पुनरमूल्यांकन नहीं कराया? क्यों संबंधित पेड़ों के संबंध में संबंधित अधिकारी खंड विकास अधिकारी से कोई पत्राचार नहीं किया गया? क्यों परमिट की कॉपी बीडीओ तथा संबंधित थाना क्षेत्र के थाने को नहीं भेजी गई? क्यों नीलामी के बाद शासकीय खाते में जमा धनराशि की रशीद नहीं ली गई ?क्या राम भुलावन को ही परमिट दी गई? अगर दी गई तो इनकार क्यों कर रहे है? अगर राम भुलावन ने पेड़ नहीं काटे तो काटे किसने? फिलहाल इन सवालों के जवाब तथा इस खेल में कौन कौन शामिल है जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

### सवालों के घेरे में फंसता देख पत्रकारों पर भड़के वन क्षेत्राधिकारी

राम भुलावन के नाम बनी परमिट में जांचकर्ता वनक्षेत्रधिकारी पीयूष गुप्ता से जब जानकारी लेते हुए पूछा गया है क्या 21 माह पूर्व हुए हरे पेड़ों के मूल्यांकन का पुनर्मूल्यांकन नहीं होना चाहिए, क्योंकि इतने दिनों में तो पेड़ों की लंबाई और मोटाई तो कुछ बढ़ी ही होगी, तो उन्होंने कहा कि सभी पेड़ सूखे थे इसलिए ग्रोथ करने का सवाल ही नहीं था। मैने केवल ये देखा कि वर्तमान में सभी पेड़ यथावत है या नहीं। सवाल था मान्यवर. ? परमिट में तो 12 सेमल के हरे तथा 2 शीशम के सूखे पेड़ों का आदेश किया गया है। तो पीयूष गुप्ता भड़क उठे और ये कहते हुए कि आप हमारी सी बी आई जांच कर रहे है फोन काट दिया। इस लिए इस खेल में संदेह के दायरे में वन विभाग भी आ रहा है। इस सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि मुख्य लेखाकार वरुणेंद्र कुमार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है, जल्द ही तथ्यों का खुलासा होगा।

# सावन के चौथे सोमवार पर भी बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर बना रहा आस्था का केंद्र

**बारिश में भी प्रदेश भर से लाखों कांवरियों ने पहुंचकर किया जलाभिषेक**

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया के मजरा महादेवा में पांडव कालीन मनोकामना सिद्ध बूढ़ेश्वर नाथ का शिवलिंग विराजमान है। इस मंदिर से जुड़ी कई लोग गाथाएं प्रचलित है। भक्तों का मानना है कि यहां सच्चे हृदय से जो भी मांगा जाए उसकी पूर्ति अवश्य ही हो जाती है इसलिए इस मंदिर परिसर में लगातार संकीर्तन रामायण वेद पाठ भजन भंडारा आदि के कार्यक्रम चलते रहते हैं। महीने की अमावस्या व पूर्णमासी पर हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं। शिव पार्वती के पूजन का पवित्र माह सावन आते ही इस मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था काफी प्रबल हो जाती है। सावन के अंतिम सोमवार पर प्रदेश भर के विभिन्न स्थानों सहित नेपाल राष्ट्र



तक के काँवरिया श्रद्धालुओं का यहां आगमन हुआ। हजारों कांवरिया गिरिजापुरी से पैसंठ किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर शिव को जल समर्पित किए हैं। वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत खैरीघाट पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए थे। मध्य रात्रि से ही जलाभिषेक का कार्यक्रम शुरू हुआ जो दिन भर चलता रहा। श्रद्धालुओं की लगी काफी लंबी कतार के चलते थाना अध्यक्ष खैरीघाट स्वयं मौके पर डटे रहे। शासन की मंशा के अनुरूप काँवरियों की सुविधाओं के मद्दे जनपदीय प्रशासन द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में सावन की सभी सोमवारी पर श्रद्धालुओं को सकुशल जलाभिषेक संपन्न कराने में खैरीघाट पुलिस का काफी सहयोग रहा है।

# एसकेएस आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा

बहराइच। डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बहराइच में वन महोत्सव के उपलक्ष्य में बीएएमएस 2024 बैच के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रचनात्मक गतिविधि का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना रहा।

### वन: जीवन का आधार, हरित भविष्य की ओर एक कदम

जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने वनों के महत्व, पारिस्थितिकी संतुलन, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास जैसे मुद्दों को आकर्षक चित्रों व नारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे कॉलेज



परिसर में हुआ। जिसमें बीएएमएस प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन के संयोजक डॉ. चंद्र शेखर एवं सह-संयोजक डॉ. मुकेश माहिच रहे। प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार चौरसिया के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने कहा इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती हैं। इस अवसर पर डॉ. मनीष कुमार शर्मा ने भी अपने विचार रखें। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. मनीष कुमार शर्मा एवं डॉ. प्रियंका शर्मा द्वारा किया गया। प्रथम स्थान अर्पिता एवं आशुतोष, द्वितीय स्थान आराध्या एवं अभिषेक और अहसन फजल, तृतीय स्थान अवंतिका एवं सुनील शर्मा रहे। संस्था निदेशिका पल्लवी शुक्ला व प्राचार्य ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों से आवेदन आमंत्रित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत वेबसाइट दिव्यांगजन डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र स्वीकार किये जा रहें है। ऐसे दिव्यांगजन जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष 2024-25 अथवा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पन्न हुआ हो वे अपना आवेदन साइबर कैफे, निजी इण्टरनेट, लोकवाणी के माध्यम से स्थापित ह्यह्यजनसुविधा केन्द्रोंह्यह्य आदि के माध्यम से ऑनलाइन करा सकते हैं। योजनान्तर्गत दिव्यांगजन को विवाह करने पर दम्पति में पुरूष के दिव्यांग होने पर प्रोत्साहन पुरस्कार रू. 15000/- एवं महिला के दिव्यांग होने पर रू0. 20000/- तथा यदि दम्पत्ति (पति-पत्नी) दोनों दिव्यांग है तो रू.. 35000/-पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाता है। पात्रता रखने वाले इच्छुक दिव्यांगजन ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। श्री सत्यार्थी ने बताया कि आवेदन भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटोग्राफ, आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो, जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र (यदि विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र नहीं है, तो विवाह से सम्बन्धित अन्य कोई अभिलेख/प्रमाण पत्र/शादी कार्ड संलग्न कर सकते हैं) निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय एवं जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त बैंक खाता आदि अभिलेख पूर्ण कर ऑनलाइन आवेदन करते हुए हार्डकापी मय संलग्नों सहित कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बहराइच में उपलब्ध करा दें, ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बहराइच में किसी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

# कतर्नियाघाट जंगल के बीच रहकर सफलता की कहानी लिख रहीं हैं समूह की दीदियां

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। जंगल की आस पास बसे गांव में युवतियों और महिलाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं बस उन्हें बेहतर प्लेटफार्म मिले तो उनका प्रदर्शन भी किसी से कम नहीं होता है। जंगल के आसपास बसी जनजातीय परिवार की बेटियां और महिलाएं खुद स्वावलंबी होकर अपने आसपास के लोगों को भी स्वावलंबी बना रही हैं। यह कहानी है बहराइच जनपद मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर दूर विकासखण्ड मिहीपुरवा के अन्तर्राष्ट्रीय भारत-नेपाल सीमा एवं कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार के बीच बसे थारू जनजाति बाहुल्य गांव फकीरपुरी के प्रतिमा स्वयं सहायता समूह की दीदियों की। जिनके स्वयं सहायता समूह का गठन सितम्बर, 2018 में बिहार आजीविका मिशन से आई दीदियों ने किया था। इस स्वयं



सहायता समूह में कुल 11 दीदियां जुडी जिनमें कुछ अलग करने की लगन थी। समूह में जुडने के बाद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से इनकों रिवाल्विंग फण्ड के रूप में रू. 15000=00 एवं सामुदायिक निवेश निधि के रूप में रू. 1,50,000=00 दिये गये। समूह की दीदियों से जब रोजगार एवं प्रशिक्षण के विषय में बात की गई तो इन लोगो ने अपने परम्परागत उत्पादों को बनाने एवं उनको अलग पहचान दिलाने में रूचि दिखाई। इसी के क्रम में वर्ष 2023 में विश्व प्रकृति निधि (डब्लूडब्लूएफ) के माध्यम से 15 दिवस एवं वर्ष 2024 में 10 दिवस का परम्परागत उत्पाद जैसे डालिया जूट बैग, कैप, हैडबैग, टोकरी, रोटी बॉक्स एवं फूलदान बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त समूह की सभी दीदीयां जूट एवं जल कुम्भी से उपरोक्त सभी उत्पाद बना रही है। जो पर्यावरण के अनूकूल है। आज इस समूह की दीदियां स्वयं तो आत्मनिर्भर है हीं साथ ही अपने आस पास के अन्य समूहों की दीदियों को भी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रहीं हैं। इस समूह की दीदियों द्वारा आज अपने उत्पाद की बिक्री कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार आने वाले पर्यटकों के अलावा अन्य स्थानों पर भी की जा रही है। सम्पूर्णया अभियान अन्तर्गत आडिटोरियम परिसर में भी समूह की दीदियों द्वारा स्टाल लगाकर अपने उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

# कैसरगंज तहसील के बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का एडीएम ने किया भ्रमण



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सम्भावित बाढ़ के दौरान प्रभावित क्षेत्रों में बचाव एवं राहत कार्यो के संचालन हेतु तहसील प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियों एवं नदियों के जलस्तर का जायजा लेने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने तहसील कैसरगंज के बाढ़ से प्रभावित होने वाले रेवली आदमपुर तटबन्ध, आदमपुर बाढ़ चौकी व बाढ़ शरणालय का निरीक्षण किया। इसके अलावा कैसरगंज तहसील के सम्भावित बाढ़ क्षेत्रों का भी भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होनें तहसील प्रशासन को निर्देश दिया कि निरन्तर भ्रमणशील रहकर बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते रहे। नदियों के जलस्तर बढ़ने पर प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने के लिए जागरूक भी करें। भ्रमण के दौरान उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# विधायक अनुपमा जायसवाल ने चित्रगुप्त मन्दिर के सौन्द्रयीकरण कार्य का किया भूमि पूजन

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल/ संतोष मिश्रा

बहराइच। भगवान श्री चित्रगुप्त एवं चित्रगुप्त समाज के सम्मानित सदस्यों के आशीर्वाद से रविवार को मोहल्ला बशीरगंज स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर परिसर में आयोजित समारोह पूर्व मंत्री व सदर विधायक बहराइच अनुपमा जायसवाल ने मन्दिर के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया। उल्लेखनीय है कि राज्य योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत मोहल्ला बशीरगंज स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर स्थल के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु प्रदेश सरकार द्वारा रू. 93 लाख की



धनराशि स्वीकृति की गई है। इस अवसर पर श्रवण निगम, नगर पालिका रिसिया के पूर्व चेयरमैन राजेश निगम, सुशील श्रीवास्तव, जिला प्रतिनिधि अखिलेश श्रीवास्तव, सभासद हर्षित राज श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, शशांक सिन्हा, कुलदीप सिन्हा, अनुज श्रीवास्तव, गौरव वर्मा, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, आनंद मोहन प्रधान, मंजू निगम, महेंद्र, रीति मुरारी श्रीवास्तव, सोनी श्रीवास्तव, वैजयंती श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, स्मिता श्रीवास्तव सहित सैकड़ो कायस्थ समाज के बंधुगण उपस्थित रहे।

# अवैध तमंचा फैक्ट्री का भंडाफोड़

**क्वार्सी पुलिस ने 10 तमंचे और अधबने सामान के साथ चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़, थाना क्वार्सी पुलिस ने सर्विलांस टीम के साथ मिलकर अवैध तमंचा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 10 बने हुए तमंचे और तमंचा बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

इस कार्रवाई में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। क्षेत्राधिकारी तृतीय शर्वम कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि थाना क्वार्सी क्षेत्र में चल रही तमंचा फैक्ट्री की सूचना मिलने पर सर्विलांस टीम के साथ घेराबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने 10 बने तमंचे, कुछ अधबने तमंचे और तमंचे बनाने का सामान बरामद किया। पुलिस ने क्वार्सी क्षेत्र के डिवाइन होम्स कॉम्प्लेक्स के सामने स्थित सरकारी टंकी की चारदीवारी के जर्जर भवन से




चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में योगेश (निवासी पला, थाना मडराक), अरविंद (निवासी बसौली, थाना गोंडा), सुभाष (निवासी सासनी गेट) और रामप्रकाश (निवासी धनीपुर मंडी) शामिल हैं। अलीगढ़ पुलिस समय-समय पर अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाती रहती है। इसी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। सभी चारों आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

# घर वापस जा रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर पलटी, चार घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत प्रीतम पुरवा गांव के सामने आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस पट्टी पर दर्शन करके घर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें सभी यात्री घायल हो गए। यह घटना बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हुई, जहाँ सुना सीर नाथ मंदिर से वापस आ रहे श्रद्धालु एक बुलेरो कार में सवार थे। कार अनियंत्रित होकर पलट गई और सभी यात्री घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।जहां से चार घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।घायलों में सभी लोग बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भिखारीपुर पतसिया गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।घायलों में अंकित पुत्र दिनेश उम्र 26 वर्ष,दिनेश पुत्र कुमार उम्र 45 वर्ष,सुमन पत्नी दिनेश उम्र 40वर्ष और सुनी पुत्री रामभजन उम्र 18 वर्ष बताए जा रहे हैं।दरअसल आज सोमवार शाम पांच बजे बुलेरो कार से सभी श्रद्धालु घर वापस आ रहे थे.इसी दौरान कार प्रीतम पुरवा गांव के निकट एक्सप्रेस वे की सर्विस पट्टी पर अनियंत्रित होकर पलट गई.कार इतनी रफ्तार में थी कि सड़क किनारे खड़ी धान की फसल में कार पांच पलथे खाकर पलटी.इस दौरान कार में सवार सभी श्रद्धालुओं के चीख पुकार मच गई.आसपास खड़े लोगों ने कार में फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला और आनन फानन में सभी घायलों को 108 एंबुलेंश के माध्यम से सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया है।जहां से अंकित ,दिनेश,सुमन और सोनी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।वही कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना में घायल सभी लोगों जिला अस्पताल भिजवा दिया गया है।

# तेंदुए के हमले से अधेड़ हुआ घायल

**एसडीएम की मौजूदगी में तेंदुए ने फिर किया हमला, घायल को पंहुचाया अस्पताल**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, मुसाफिरखाना क्षेत्र के विरईपुर गांव में एसडीएम अभिनव कनौजिया और वन क्षेत्राधिकारी ज्योतिर्मय की मौजूदगी में तेंदुए ने दोबारा हमला कर दिया। इस हमले में एक 55 वर्षीय छोटेलाल और एक भैंस घायल हो गई है। एसडीएम ने तुरंत अपने वाहन से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सीएससी मुसाफिरखाना पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

इससे पहले भी तेंदुए ने खेत में काम कर रहे दो युवकों पर हमला किया था। दोनों का इलाज सीएससी मुसाफिरखाना में चल रहा था, जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। तेंदुए के हमलों की खबर आस-पास के गांवों में फैलते ही पूरे इलाके में



सन्नाटा छा गया है। लोग डर के मारे अपने घरों में कैद हो गए हैं। ग्रामीण प्रशासन के खिलाफ आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि प्रशासन अभी तक तेंदुए को पकड़ने के लिए न तो कोई विशेष टीम बुलाई है और न ही कोई ठोस कार्रवाई की है। ग्रामीण सुबह से लाठी-डंडा लेकर अपने पशुओं और छोटे बच्चों की सुरक्षा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन जल्द ही तेंदुए को नहीं पकड़ता है तो यह किसी की जान भी ले सकता है फिलहाल घटनास्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भारी पुलिस बल तैनात है। गांव में डर का माहौल बना हुआ है।

## संक्षेप

### बस स्टैंड पर भक्तों को बंटा गया प्रसाद

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। क्षेत्र के शिव मंदिर में लगातार बरसात होने के कारण भक्त कम संख्या में पहुंचेजिससे भंडारे का प्रसाद शिव भक्तों ने कस्बा कुरारा में लेकर बस स्टैंड में आने जाने वाले भक्तों को वितरण किया इस अवसर पर गणेश तिवारी, रामसजीवन गुप्ता, कांति गुप्ता, आदित्य चौरसिया आदि ने सहयोग किया।

### बीमारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दवा वितरण की

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर।विकास खंड क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीमारी से बचावके लिए दवा का वितरण किया।लोगो को सर्दी जुकाम, दस्त, बुखार आदि की दवा का वितरण किया गया।क्षेत्र के मनकी कला, मनकी खुर्द, उमराहट, कोतूपुर, पटिया, सिकरोड़ी,बेरी, पारा, कंडोर, शीतलपुर, मेरापुर,ब्रह्मा का डेरा, आदि बाढ़ प्रभावित गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर घर जाकर लोगों को दवा का वितरण कियासी एस सी प्रभारी डॉ सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि जिन गांवों के लोग बाढ़ से प्रभावित हुए है। उनको दवाका वितरण कराया जा रहा है। दवा वितरण में स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।जो घर घर जाकर लोगों से मिलकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे है।

### घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने पर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने के विवाद में दो पक्ष बांकी मार्ग में बरसते पानी के मध्य झगड़ गए। चार महिलाओं एवं दो युवकों के मध्य जमकर मारपीट हुई। दोनों बाद में थाने पहुंचे। यहां पर बाद में दोनों पक्षों ने सुलह कर ली बसंत नगर निवासी उमेश पाल एवं रिशू सिंह के मध्य दरवाजे के बाहर गाड़ी खड़ी करने पर विवाद हो गया। उमेश पाल ने रिशु सिंह को थप्पड़ जड़ दिए और बांकी मार्ग किनारे धर्मेंद्र यादव की दुकान के बाहर आकर बैठ गया। रिशू ने घर पहुंचकर यह बात अपनी मां और बहनों को बताई। इस पर सभी तैश में आ गए और हाथ में डंडा लेकर उमेश को ढूंढते सड़क तक आ गये। दुकान के बाहर उमेश को बैठा देखकर चारों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। इसकी भनक उमेश की मां को लग गई और वह भी मौके पर आ धमकी। पुत्र को पिटता देखकर वह आपा खो बैठी और रिशू की मां के साथ उसकी बहनों को जमकर धोया। बाद में दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक दूसरे खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने दोनों पक्षों के मध्य सुलह करा दी

### कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला की 26 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे का सैकड़ो वर्ष पुराना ऐतिहासिक तीजा मेला इस वर्ष 26 अगस्त से शुरू होकर 28 अगस्त को संपन्न होगा। रविवार को चांद थोक के श्रीकृष्ण मंदिर में तीजा कमेटी के अध्यक्ष जयप्रकाश उर्फ बब्बू दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शोभा यात्रा की तैयारी पर गहन मंथन किया गया तीजा कमेटी के अध्यक्ष ने बैठक के उपरांत बताया कि इस वर्ष शोभा यात्रा में शामिल झांकियों को नया स्वरूप देकर दिव्य भव्य एवं आकर्षक बनाया जाएगा। इसके अलावा कमेटी का बैंक खाता खोलकर आय व्यय का लेखा जोखा रखा जाएगा। नागनाथन लीला मंचन के लिए हरचंदन तालाब को भरवाने के लिए प्रशासन से पत्राचार करने का निर्णय लेकर कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को तैयारी शुरू करने की निर्देश दिए गए हैं। बैठक में कमेटी के कोषाध्यक्ष महेश भदौरिया, सहकोषाध्यक्ष संजीव पांडे, मेला प्रभारी बृजलाल सिंह, सदस्य राघवेंद्र पांडे, मनोज पांडे, कुंज बिहारी पांडे, शिवम दुबे, सुरेश यादव,वीरू मिश्रा, राधारमन द्विवेदी, कल्लू पांडे, कुलदीप मिश्रा,बउआ पांडे, छोटू पांडे आदि मौजूद रहे। बता दें कि तीजा मेला देखने के लिए लाखों की भीड़ उमड़ती है। इस मेले की ख्याति बुंदेलखंड के अलावा रूहेलखंड के जनपदों में है

# हर हर बम बम से गूंजा पिपलेश्वर महादेव मंदिर

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकास खंड अंतर्गत गांव खजुरिहा में स्थापित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वेद मंत्रों की करतल ध्वनि के साथ महा रुद्राभिषेक संपन्न हुआ माता राजरानी अवस्थी एवं पिता ज्वाला प्रसाद अवस्थी द्वारा विगत 11 वर्ष पहले 25 जून 2014 को स्थापित किए गए पिपलेश्वर महादेव में अनवरत प्रतिवर्ष श्रावण मास के महीने में महारुद्राभिषेक तथा वर्ष के अनेक त्योहारों पर महा भंडारा आयोजित किया जाता है पिपलेश्वर महादेव मंदिर के वर्तमान संरक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस से सेवानिवृत वरिष्ठ उप निरीक्षक विपिन बिहारी अवस्थी के नेतृत्व में कल मंदिर प्रांगण वेद मंत्रों की ध्वनि से गुंजायमान हो उठा महा रुद्राभिषेक में आमंत्रित कुशल प्रमुख आचार्य पंडित गंगाधर शुक्ल के साथ अन्य सहायक आचार्य पंडित कृष्ण कुमार पाण्डेय पंडित शिव प्रकाश पाण्डेय आदि की सहभागिता से महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम संपन्न हुआ प्रातः काल सर्वप्रथम प्रमुख आचार्य पंडित गंगाधर शुक्ल के नेतृत्व में प्रमुख यजमान ने वेदी पूजन करते हुए मंदिर प्रांगण में विराजमान पिपलेश्वर महादेव के साथ अन्य देवता पवन पुत्र श्री हनुमान जी महाराज माता पार्वती नंदी कार्तिकेय जी महाराज आदि सभी देवी देवताओं का षोडशोपचार पूजन हुआ इसके पश्चात वस्त्र अलंकार से सुशोभित करते हुए दूध दही पंचामृत शर्करा शहद तथा गौघृत से भगवान शिव का अभिषेक किया गया महा अभिषेक के पश्चात रुद्राष्टाध्याई का पाठ तथा सहस्त्रार्चन का कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां सभी भक्तों ने ओम नमः शिवाय की एक धुन में भगवान शिव को मनाते रहे कार्यक्रम के विराम में महा आरती संपन्न हुई जहां प्रमुख यजमान राजस्व विभाग में कार्यरत लेखपाल प्रशांत अवस्थी तथा उनकी धर्मपत्नी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित सुभाष अवस्थी राम आसरे अवस्थी आशीष अवस्थी उन्नत अवस्थी श्याम बिहारी शुक्ला गिरजा शंकर द्विवेदी अनिल पाण्डेय तथा कल्लू माली आदि सैकड़ो लोगों ने महा आरती करते हुए भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त किया वही कार्यक्रम के विराम में महाप्रसाद का वितरण किया गया आए हुए सभी आगंतुकों का पिपलेश्वर महादेव मंदिर के संरक्षक सेवानिवृत्ति उप निरीक्षक विपिन बिहारी अवस्थी ने सादर आभार व्यक्त किया

# भ्रष्टाचार की शिकायतों पर कार्रवाई न होने पर 15 अगस्त से आमरण अनशन की दी चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



महोबा। शहर के कांशीराम कॉलोनी राठ रोड निवासी मानव सेवा संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद सोनी ने सोमवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। उक्त ज्ञापन में उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाते हुए उल्लेख किया कि उनके द्वारा ईमेल और पत्राचार के माध्यम से भ्रष्टाचार की अनेकों शिकायतें की गई, जिनको निस्तारण के लिए सरकार द्वारा जिला प्रशासन को भेजा गया लेकिन उन्होंने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और न ही भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही सुनिश्चित की गई। उन्होंने दिए गए ज्ञापन में आगे कहा कि अगर 14 अगस्त तक भ्रष्टाचार की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होती है तो केंद्र और प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार पर लागू जीरो टॉलरेंस नीति का पालन कराने हेतु वह राठ रोड स्थित मोक्ष धाम में 15 अगस्त से भ्रष्टाचार के विरुद्ध आमरण अनशन प्रारंभ करेंगे। ज्ञापन में नगरपालिका चरखारी, नगर पंचायत खरेला में कर्मचारियों के अंश धन में गमन, नगर पंचायत कुलपहाड़ में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और ब्लाक कबरई में ठेकेदार और कर्मचारियों द्वारा निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार तथा रामनगरमहोबा में सरकारी भूमि में कब्जा हटाने आदि मुद्दे शामिल है।

# बिना किसी आदेश के ग्राम प्रधान ने गिराया मजदूर का मकान

**पीड़ित ने नजदीकी थाना चांदपुर में लिखित तहरीर देकर लगाई अरदास**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मदरी के ग्राम प्रधान लवकुश सचान ने विगत रात्रि रविवार प्रातः सोमवार को मजदूर द्वारा निर्मित किए गए टीन सेड को छिन्ह भिन्न कर दिया मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित ने बताया कि पूर्व प्रधान द्वारा उसका आवासीय पट्टा किया गया था जिसकी जमा पर्ची अभिलेख पीड़ित के पास मौजूद है उसी जगह पर पीड़ित ग्रामीण ने निर्माण कार्य तीन सेट हेतु साफ सफाई करना प्रारंभ किया जहां ग्राम प्रधान तथा प्रधान के भाई समेत कुछ अज्ञात लोगों ने पहुंचकर गाली गलौज करते हुए निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न किया

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी अमौली ने दोनों पक्षों को शांत कराते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की इसके बाद रात्रि समय ग्राम प्रधान अपने दलबल के साथ पहुंचे तथा निर्मित किए गए टीन सेड को उखाड़ कर ले गए

वहीं पीड़ित के मना करने पर गाली गलौज तथा जान से मार देने की धमकी दी पीड़िता सुरेखा राजेश्वरी कमलादेवी निवासी गांव मदरी ने लिखित तहरीर देते हुए थाना चांदपुर में न्याय की गुहार लगाई वही ग्राम प्रधान ने बताया कि पूर्व काल में ग्रामीण का पट्टा हुआ था जो 3 वर्ष बाद निर्माण कार्य न होने के कारण खारिज हो गया इस कारण निर्माण कार्य पर अवरोध किया गया है जबकि ग्राम प्रधान के पास पट्टा खारिज होने का कोई भी अभिलेख मौजूद नहीं मिला

# सूचना देने पर युवक को थाने में किया गया प्रताड़ित

**नागरिक की मदद की बजाए चौकी इंचार्ज ने किया दुर्व्यवहार, ग्रामीणों ने एसपी से की शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक युवक को संदिग्ध ड्रोन की सूचना देना भारी पड़ गया। सुनहेड़ा गांव के संजीव पुत्र इंद्रपाल ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि गांव के आसपास ड्रोन जैसी कोई संदिग्ध वस्तु उड़ती दिखाई दी। कई ग्रामीणों ने इस वस्तु को देखा और चिंता व्यक्त की। कई लोगों ने संजीव को फोन कर इसकी जानकारी दी। संजीव ने तुरंत 112 डायल कर पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उड़ती हुई वस्तु का वीडियो बनाया। उस समय वहां ग्रामीणों की भीड़ भी जमा हो गई थी। संजीव ने बताया कि रात लगभग 12 बजे बड़ा गांव चौकी इंचार्ज का फोन आया। उन्होंने संजीव से कहा कि वे मौके पर आ रहे हैं। संजीव उनसे वहीं मिले। चौकी इंचार्ज अपनी निजी गाड़ी में अकेले आए। उन्होंने बताया कि इंस्पेक्टर का कॉल आया है। संजीव को उनके साथ थाने चलकर घटना की जानकारी देनी होगी। संजीव ने बताया कि रास्ते में उसे लगा कि चौकी इंचार्ज शराब के नशे में हैं। थाने पहुंचने पर संजीव के साथ दुर्व्यवहार किया गया। बिना किसी उचित कारण के उसे अपराधी की तरह व्यवहार करते हुए हवालात में बंद कर दिया गया।

संजीव ने बताया कि उसने केवल एक सजग नागरिक के रूप में संदिग्ध घटना की सूचना दी थी।

# महिला ने पड़ोसियों पर लगाए आरोप

**पति के घर से बाहर रहने पर करते हैं परेशान, बच्चों का मानसिक उत्पीड़न करते हैं**

अमन लेखनी समाचार




बागपत, रमाला थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पड़ोसियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसके पड़ोसी उसे और उसके बच्चों को प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि उसका पति काम के सिलसिले में अक्सर बाहर रहता है। इस दौरान वह अपने बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती है। इसका फायदा उठाकर पड़ोसी उसे परेशान करते हैं। महिला का आरोप है कि पड़ोसी उस पर गलत नजर रखते हैं। साथ ही उसके बच्चों को भी मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। उसने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने यह भी बताया कि जो लोग उन्हें परेशान कर रहे हैं, वे अपराधी किस्म के हैं। वे कई बार उसे धमकियां भी दे चुके हैं। महिला का यह भी आरोप है कि पड़ोसी उनसे रंजिश रखते हैं। इसी वजह से उनका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया जा रहा है। अपनी जान और माल की सुरक्षा को लेकर चिंतित महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मदद की गुहार लगाई है। अधिकारियों ने पूरे मामले में जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# होटल में बजरंगदल का छापा, छत से कूदकर भागा प्रेमी

- मेरठ में स्कूल पास के होटल में पड़ी रेड, पुलिस ने युवक-युवतियों को पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, गंगानगर थाना क्षेत्र में सरस्वती स्कूल के पास एक होटल में मुस्लिम युवक और हिंदू युवती के होने की सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकताओं ने वहां पहुंचकर हंगामा कर दिया। कार्यकताओं ने तुरंत थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और होटल की तलाशी ली। बजरंग दल के महानगर संयोजक बंटी बजरंगी ने बताया कि उन्हें होटल सैफरन में मुस्लिम युवक द्वारा हिंदू युवती को लाने की जानकारी मिली थी। जब बजरंग दल के कार्यकर्ता होटल पहुंचे, तब होटल के कर्मचारियों ने युवक को छत से कूदकर भगा दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बंटी बजरंगी का कहना है कि गंगानगर में कई ऐसे होटल खुल चुके हैं जहां अवैध गतिविधियां चलती हैं। उन्होंने चिंता जताई कि यह होटल स्कूल से मात्र 20 मीटर की दूरी पर है, जहां से स्कूली बच्चे आते-जाते हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यकताओं के साथ इस मामले की शिकायत जिला अधिकारी और पुलिस कप्तान से करेंगे। गंगानगर थाने के इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने बताया कि होटल पर ताला लगा दिया गया है। होटल में मिले 6 युवक और 7 युवती को थाने ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी के परिजनों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया जाएगा और मामले की आगे जांच की जा रही है।

# नीट एग्जाम क्लियर कराने के नाम पर 10 लाख ठगे

**केंद्रीय मंत्री से ठगों ने बताई थी पहचान, 20 लाख में हुई थी डील, छात्र हो गया फेल**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, देश के प्रमुख केंद्रीय मंत्री से पहचान बताकर नीट का एग्जाम क्लियर कराने के नाम पर 10 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोर्ट के आदेश के बाद ममूरा के रहने वाले प्रदीप कुमर उपाध्याय की शिकायत पर फेज-3 थाने में शिकायत की गई है। पुलिस के अनुसार मामले में सतीशचंद शर्मा, रितिक शर्मा और खुद को डॉक्टर बताने वाले राजकुमार शर्मा पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित के अनुसार 2024 में उनकी मुलाकात अपने एक परिचित के माध्यम से सतीश से हुई थी। सतीश ने उनके बेटे के बारे में पूछा और जब उन्होंने उसके नीट की तैयारी करने की बात कही तो उसने बताया कि वह एक केंद्रीय मंत्री को अच्छे से जानता है। उनके माध्यम से वह बेटे का एग्जाम क्लियर करा किसी अच्छे सरकारी कॉलेज में उसका एडमिशन करवा देंगे। इसके बाद वह उसकी बातों में आ गए। पीड़ित के अनुसार इस बारे में बात होने के बाद सतीश अपने बेटे के साथ उन्हें एक लाल बत्ती वाली कार में हरिद्वार लेकर गया। जहां उसने राजकुमार से उनकी मुलाकात कराई। राजकुमार ने खुद को डॉक्टर बताने के साथ दिल्ली में पीएमओ तक में जान पहचान की बात कही। उसने उन्हें बताया कि एग्जाम क्लियर कराने में 20 लाख रुपए खर्च होंगे। उन्होंने 10 लाख रुपए उन्हें दे दिए। 10 लाख एग्जाम क्लियर होने के बाद देने थे, लेकिन बेटा उसमें फेल हो गया। पीड़ित ने इस बारे में बात की तो कहा कि गया कि मंत्री कहीं व्यस्त हैं, उनसे मुलाकात के बाद उनके बेटे का रिजल्ट दोबारा आएगा, लेकिन ऐसा हुआ। बाद में उन्होंने रुपए मांगे तो धमकाते हुए रुपए नहीं देने की बात कही और दोबारा रुपए मांगे पर हत्या कर शव को नहर में डालने की बात कही। इससे वह डर गए। पीड़ित के अनुसार उन्होंने इस मामले में पुलिस से शिकायत की। जहां सुनवाई नहीं होने पर वह कोर्ट पहुंचे।

### डाक्टर के गलत इंजेक्शन लगाने से पुत्री की मौत

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। क्षेत्र के कुतुबपुर गांव निवासी ग्रामीण ने प्राइवेट चिकित्सक द्वारा पुत्री का गलत इलाज किए जाने सेहालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लेकर गया । वहां इलाज के दौरान उसकी दर्दनाक मौत हो गई है। क्षेत्र के कुतुबपुर गांव निवासी विनय कुमार उर्फ रामू प्रजापति अपनी तीन वर्षीय पुत्री दिव्यांशी को खूनी पेचिश आने पर कस्बा कुरारा के बेरी तिराहे के पास प्राइवेट चिकित्सक व मेडिकल स्टोर संचालक के पास गया था। वहां पर गलत इलाज करने पर बच्ची की हालत बिगड़नेपर वह उसको जिला अस्पताल लेकर गए वहां इलाज के दौरान बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। इसका लोक भारती अखवार वीडियो वायरल की पुष्टि नही करता है जिसमें बच्ची का पिता कह रहा है कि प्राइवेट डाक्टर गुलबद्न के यहां इलाज कराने आए थे उसने गलत इंजेक्शन लगा दिया जिससे पुत्री की हालत बिगड़ गई।इन्होंने बताया किया कि यह डाक्टर पशुओं का भी इलाज करता है।

# मामूली विवाद पर दो पक्षों में हिंसक झड़प

**जेल से लौटे बदमाश ने युवक पर पेचकस से किया हमला, आरोपी फरार**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, लिसाड़ी गेट स्थित गोल्डन ईदगाह कॉलोनी में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच मारपीट और पथराव हुआ। बीच-बचाव करने गए एक युवक पर जेल से हाल ही में छूटे बदमाश ने पेचकस से हमला कर दिया। घटना के अनुसार, गोल्डन ईदगाह कॉलोनी निवासी साजिद पुत्र उवैस अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान जुबेर और सुऐब का पास के रहने वाले समीर से मामूली कहासुनी हो गई। यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट और पथराव होने लगा। बीच-बचाव करने आए मोहल्ले के लोगों पर भी जुबेर और सुऐब ने हमला कर दिया। साजिद को पेचकस लगने से वह लहूलुहान हो गया। आसपास के लोगों ने जब दबंगों को घेरना शुरू किया तो जुबेर और सुऐब जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। मोहल्लेवासियों के अनुसार, जुबेर मोबाइल चोरी के मामले में जेल गया था और हाल ही में वह जेल से छूटकर आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# बिजली विभाग के खिलाफ भाजपा विधायक का धरना

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा- अनिल शर्मा पद छोड़ें, समाधान नहीं तो इस्तीफा दें

अमन लेखनी समाचार




बुलंदशहर, भाजपा विधायक अनिल शर्मा द्वारा बिजली विभाग के खिलाफ दिए गए धरने को कांग्रेस ने लोगों को गुमराह करने वाला बताया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष और शिकारपुर से पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान ने इस धरने को फ्लॉप साबित किया। जियाउर्रहमान ने कहा कि सत्ता में रहते हुए यदि अनिल शर्मा बिजली समस्याओं का समाधान नहीं करा सकते तो उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए विधायकी से तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार में होते हुए भी भाजपा विधायक को धरना देना पड़ रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है। थाने और तहसीलों में लोगों की सुनवाई नहीं होती। अधिकांश सड़कों में गड्ढे हैं। बिजली न होने की समस्या से शहर और देहात के लोग परेशान हैं। लेकिन भाजपा और उनके विधायक-सांसद मौन हैं। जियाउर्रहमान ने आरोप लगाया कि आरएसएस और भाजपा के गुणगान करने से अनिल शर्मा का मोहभंग सत्ता के आकंठ भ्रष्टाचार का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार बिजली, पानी देने और किसानों, युवाओं के हितों के मुद्दों पर विफल है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि कांग्रेस आम आदमी की समस्याओं को उठा रही है। भाजपा का विकल्प कांग्रेस है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से बिजली की सुचारु सप्लाई देने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।

# घायल युवक को अपनी गाड़ी से अस्पताल भेज भाजपा नेता ने मानवता की मिशाल की पेश

अमन लेखनी समाचार

महोबा। शहर के रामनगर तिगैला में बीते रोज बाइक चालक बुरी तरह घायल होकर जमीन पर पड़ा था घटना स्थल पर बहुत भीड़ होने के कारण वहा से निकल रहे भाजपा युवा नेता पंडित नरेंद्र मिश्रा ने भीड़ को देखते हुए गाड़ी रोकी और सड़क पर पड़े बेहोश व्यक्ति जिसके मुंह एवं मस्तिष्क से ब्लड निकल रहा था उसको देखा और तुरंत अपने साथियों से इशारा करके घायल पड़े व्यक्ति को अपनी खुद की गाड़ी में लिटा लिया समय से अस्पताल ले गए जहां वो सही सलामत स्वस्थ हो गया भाजपा नेता नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर ऐसी घटनाओं को नजर अंदाज कर देते है या वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डालकर फर्ज पूरा कर लेते है कुछ लोग अच्छे होते है जो एंबुलेंस को बुला लेते है ईश्वर ये अवसर सभी को नहीं देता है अक्सर लोग अपनी गाड़ी गंदी न हो और उसमे ब्लड न लग जाए इस सोच के कारण एंबुलेंस को बुलाते है और एंबुलेंस के इंतजार में बहुत समय लगा देते है तब तक कई लोग जिंदगी की जंग हार जाते है गाड़िया तो 200 रूपया में साफ हो जाती है लेकिन अगर किसी की जान चली गई तो इस पाप के भागीदारी भी हम ही बनते है इसलिएघायल से बढ़कर गाड़ी नहीं होना चाहिए उन्होंने बताया कि जब भी वो क्षेत्र भ्रमण के लिए जाते है तो अक्सर लोग एक्सीडेंट में घायल रोड में पड़े मिलते है जिनको वो अपनी गाड़ी में ही लाकर अस्पताल छोड़ देते है और एक मानवता की मिशाल पेश करते है उनके इस नेक कार्य की क्षेत्र में सभी जगह चचाएं होरही है भाजपा नेता नरेंद्र मिश्रा के इस कार्य से सभी को सीख लेनी चाहिए

# सावन के अंतिम सोमवार को भोलेनाथ के मंदिरो में पहुंचकर भक्तों ने किया जलाभिषेक

अमन लेखनी समाचार

महोबा। मुख्यालय के शिव मंदिरों में श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार पर भक्तों द्वारा मंदिर में पहुंचकर शिव के मंदिर परिसर एवं प्रभु की प्रतिमा को साफ स्वच्छ किया गया वही आस्था रखने वाले भगवान शिव के मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना करने में लीन हो गए बताते चलें कि श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार में शहर के शिव तांडव, मां बड़ी चंद्रिका माता मंदिर के पास स्थित शिव मंदिर, बलखंडेश्वर, रामकुंड धाम व राम कथा मार्ग सहित सभी शिव मंदिरों में माताएं बेटियों छोटे बच्चों के अलावा पुरुषों द्वारा भगवान शिव को प्रसन्न करने एवं उनसे फल पाने के लिए अपने घरों से भगवान शिव को अर्पण करने की पूजा सामग्री को टोकरी में सजाकर शिव के दिव्य दरबार में पहुंचकर प्रभु को सबसे पहले गंगाजल से स्नान कराकर उन्हें दूध दही शहद घी शक्कर का अभिषेक किया तथा प्रभु भोलेनाथ को भांग धतूरा शमी पत्र बेलपत्र रोड़ी चंदन चावल अन्य पूजन सामग्री अर्पण कर हवन करके दीप जलाए और उनके दरबार में माथा टेक कर परिवार के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात जय शिव ओंकारा की आरती गाकर घड़ियाल घंटी की ध्वनि में वातावरण भक्तिमय हो गया शिवभक्त मस्ती में भाव विभोर होकर झूम उठे पूजा समापन उपरांत भगवान भोलेनाथ को भोग अर्पण किया हर हर महादेव बम भोले ओम नमः शिवाय के जयकारों से शिवालय गूंज उठे शहर में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के द्वारा महामृत्युंजय का जाप तथा अपने घरों में मिट्टी के शिव बनवाकर पूर्ण लाभ कमाया प्रभु की विधि विधान से पूजा अर्चना कर समापन के उपरांत उन्हें जल में विसर्जित किया कई शिव भक्तों द्वारा घरों में कन्याओं को बुलाकर उनके चरण पखार कर उन्हें दक्षिणा देकर भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं एक ओर चंदेल कालीन सरोवर मदन सागर के किनारे स्थित प्राचीन स्थान कंठेश्वर महादेव के मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर अभिषेक किया और उनके दरबार में माथा टेक कर भोलेनाथ के सामने अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की अर्जी लगाई एवं जहां प्रभु द्वारा भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण कर भरपूर आशीर्वाद दिया कई जगह मंदिरों तथा घरों में भंडारा का भी आयोजन हुआ जहां लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

# सांसद ने रेल मंत्री को पत्र भेज बेलाताल स्टेशन पर ट्रेनो के ठहराव की उठाई मांग

अमन लेखनी समाचार

महोबा। हमीरपुर महोबा और तिंदवारी लोकसभा क्षेत्र से सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने बेलाताल रेलवे स्टेशन पर दो महत्वपूर्ण ट्रेनों उदयपुर-खजुराहो इंटरसिटी और तुलसी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। स्थानीय जनता की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को प्रमुखता देते हुए सांसद ने पत्र में उल्लेख किया कि यदि इन ट्रेनों का ठहराव बेलाताल स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाता है तो इससे क्षेत्रवासियों को इलाज, आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और सामाजिक व आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।यदि रेलवे मंत्रालय द्वारा यह मांग स्वीकार कर ली जाती है तो यह क्षेत्र के लोगों के लिए खुशी की बात होगी।

# बादशाह सिंह ने बाढ़ पीड़ितों को बांटे लंच पैकेट, जाना हालचाल



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पूर्व मंत्री बादशाह सिंह के नेतृत्व में सपाइयों ने मुख्यालय सहित आसपास के बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचकर पीड़ितों को लंच पैकेट वितरित करके उनका हाल-चाल जाना सोमवार को सपा नेता पूर्व मंत्री बादशाह सिंह,जिलाध्यक्ष इदरीश खान के साथ मुख्यालय सहित आसपास के बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचकर लंच पैकेट बांटे और उनका दुख दर्द साझा करके हर संभव मदद का भरोसा दिया है।इस मौके पर प्रदेश का कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, प्रदेश सचिव व्यापार सभा चंद्रशेखर गुप्ता चंदू, ओपी सोनकर, घनश्याम साहू, मिथलेश कुशवाहा, मुन्नीलाल निषाद, शिवशरण यादव,संजय यादव, विकास गुप्ता, माया वाल्मीकि, युगांक मिश्रा, मायाराम वर्मा, सुरेंद्र राजपूत, अरुण यादव, बिट्टू यादव, नारायण दास अकेला आदि सपाई मौजूद रहे।

# रेलवे अंडर क्रासिंग राहगीरों के लिए बनीं जानलेवा, वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। रेलवे क्रासिंगों पर बनाये गए अंडरपास राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे है अण्डरपास में पानी भरा होने से रेलवे लाइन पार कर रहे व्रद्ध की ट्रेन से कटकर मौत मौदहा क्षेत्र के कानपुर बांदा रेलवे रूट पर रेलवे क्रांसिंगो पर मानव रहित बनाने के लिए अण्डरपास बनाये गए जिनमें बरसात में हमेशा पानी भरा रहता है रेलवे द्वारा पानी निकालने का ठेका दिया जाता है और अण्डरपास की दीवारों पर अधिकारियों के फोन नम्बर लिखा दिया जाता है लेकिन ठेकेदार उन नम्बरो को दीवार से मिटा देते है कि कोई राहगीर पानी न निकालने की शिकायत न कर सके इस कारण राहगीर जान जोखिम में डाल रेलवे लाइन पार करते है और अपनी जान गवां बैठते है सोमवार सुबह एक व्रद्ध राहगीर बारिश में छाता लगाए रेलवे लाइन पार कर रहा था जिसे कानपुर मानिकपुर मेमो ट्रेन से अपनी जान गवां बैठा जहां ट्रेन ड्राइवर की सूचना पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# बारिश के कारण पेड़ गिर जाने से मार्ग हुआ अवरुद्ध, यातायात पुलिस टीम ने हटवाया

अमन लेखनी समाचार



महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने तथा जनपदवासियों में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से यातायात पुलिस टीम द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग एवं जागरुकता अभियान चलाया गया है। जिसमें सोमवार को प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा लोगों को जागरुक करते हुये सभी से अपील की जा रही है कि यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय हमेशा सुरक्षा मापदण्डों का पालन करें। साथ ही सम्बन्धित वाहन के विरुद्ध यातायात नियमों के तहत सीज एवं चालान की कार्यवाही की गयी है। जिससे लोगो में यह सन्देश जाये कि यातायात नियमों का पालन न करते हुए सड़क में चलना उचित नहीं है। बारिश के कारण मुख्य सड़क पर एक बड़ा पेड़ गिर जाने से मार्ग अवरुद्ध हो गया था। यातायात प्रभारी की देखरेख में टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पेड़ को कटवाकर हटवाया गया जिससे आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो सका। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के पालन हेतु यातायात पुलिस टीम द्वारा स्पीड राडार, कैमरा उपकरण के माध्यम से ओवरस्पीड वाहनों की चेकिंग की गई तथा नियम विरुद्ध चालकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई। पुलिस आप सभी से अपील करती है कि अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा न करें, यातायात नियमों का पालन करें, अपना तथा अपनों का जीवन सुरक्षित करें।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सेवा कार

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवा संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला प्रचारक धनंजय के नेतृत्व में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री विपरित की गई। इस सेवा कर के अंतर्गत प्रभावित परिवारों को चना, गुड़ ,बिस्किट, तहरी आदि आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गई संघ के स्वयंसेवकों ने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों तक राहत पहुंचाई सेवा के माध्यम से सामाजिक का उत्तरदायित्व प्रस्तुत किया किसी सेवा कर में संघ के अनेक कार्य कर जा सक्रिय धूप से उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से -राजेश शुक्ला, राजन, उमेश दीक्षित,उमाशंकर ,हेमंत ,पवन विवेक, विनम्र ,अक्षय, राजू ,सुमित ,इंद्रपाल ,शिवांशु, अनिकेत प्रियंक, बालेंद्र, दीपक, अतुल, अनुराग तिवारी, एवं सचिन खरे जी सम्मालित रहे।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह सेवा कार्य समाज के प्रति उसकी सतत प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को दशार्ता है। संघ आगे भी ऐसे सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक सहयोग पहुंचाने हेतु तत्पर रहेगा।

# मीरा तालाब में मछली मारने गए मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर- नगर के मीरा तालाब में मछली मारने गया मजदूर देर शाम तालाब में डूब गया इसकी जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पानी में डूबे मजदूर के परिजन भी मौके पर पहुंचे विलाप करने लगे। रात होने के कारण तालाब के पानी में उतरने की किसी ने जहमत मोल नहीं ली। सुबह मजदूर का शव तालाब के पानी में उतरा गया। पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिये भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है नगर के फत्तेपुर मोहल्ले के निवासी अमरपाल पुत्र मूलचंद ने बताया कि उसका छोटा भाई सिद्ध गोपाल उर्फ सिद्धू उम्र 42 वर्ष पुत्र मूलचंद अनुरागी रविवार की दोपहर बाद मीरा तालाब में मछली मारने गया था। देर शाम तक उसके घर न लौटने पर उसकी तलाश की गई तो रात नौ बजे तालाब के पश्चिमी पार पर उसकी चप्पल व साफी तथा मछली मारने वाली बंसी पड़ी हुई थी पर उसका कहानी पता नहीं था उसने अपने भाई के तालाब में डूबने की आशंका जताई। इस घटना की जानकारी होते ही उप जिलाधिकारी करणवीर सिंह व कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई वहीं तालाब पर तमाशाइयों का भी जमावड़ा लग गया। इस घटना की जानकारी होने पर सिद्धू के परिजन भी तालाब पर पहुंचे रोने बिलखने लगे। रात होने के कारण किसी ने तालाब के पानी में उतरने की जहमत मोल नहीं ली। सोमवार की सुबह सिद्धू का शव तालाब के पानी में उतराता हुआ दिखाई देने पर पुलिस की मदद से उसे बाहर निकाला गया। कोतवाली पुलिस ने उसके शव का निरीक्षण कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह अपने पीछे पांच पुत्री व एक पुत्र समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गया है उसकी एक पुत्री की शादी हो चुकी है। सिद्धू की मौत के बाद उसके परिवार के सामने पेट भरने की समस्या खड़ी हो गई है। सिद्धू के सबसे बड़े भाई ने कई साल पहले आत्महत्या कर ली थी। इस घटना घटना से मोहल्ले में शोक का माहौल है।

# चौथे सोमवार को कस्बे में विशाल शोभायात्रा निकली



अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। सावन मास का महीना भगवान शिव को समर्पित है चौथे सोमवार को कस्बे के शिव भक्तों ने विशाल शोभायात्रा निकालकर अपने इष्ट देव को प्रसन्न करने का प्रयास किया शिव भक्तों का हौसला बुलंद है वारिष भी उनकी इच्छा शक्ति को नहीं डिगा पाया।बता दे चले देवाधिदेव महादेव की शोभायात्रा राव कुआं से माली कुआ गांधी विद्यालय बड़ी देवी थाना चौराहा से होते हुए निकाली गई। शिव भक्तों ने शिव मंदिर में पहुंचकर सुबह से ही भगवान शंकर जी की वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना कर रुद्राभिषेक किया सभी भक्तों ने जल ,दूध, शहद , इत्र, भांग, धतूरा, शमी पत्र, बेलपत्र चंदन धूप सफेद पुष्प आदि अर्पित करते हुए मनवांछित फल प्राप्त हेतु वैदिक मंत्रों के प्रार्थना की और शोभा यात्रा नगर भ्रमण किया। जबकि सोमवार के दिन सुबह से ही क्षेत्र में भारी वर्षा हो रही थी लेकिन भक्तों के इच्छा शक्ति को वर्षा ऋतु में नहीं रोक पाई और हर्षोल्लास के साथ शिव भक्तों ने नगर भ्रमण किया इस अवसर पर श्याम बिहारी गुप्ता, जेके यादव, हेमंत ,अवधेश आदि सैकड़ो शिव भक्त शोभा यात्रा में उपस्थित रहे। शोभा यात्रा में पुलिस की मौजूदगी भी देखी गई।

# दो दिन से लगातार बारिश होने से नदी नाले उफनाये

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। दो दिन से हो रही लगातार बरसात से छोटे छोटे नदी नाले उफान पर है जिस पर सम्पर्क मार्गो में बने रपटों के ऊपर से पानी जा रहा जिसको देखते हुए प्रशासन ने ग्रामीणों को वैकल्पिक रास्ते से जाने के लिए रूट बनाये है एस डी एम मौदहा करनवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान में हो रही लगातार अतिवृष्टि एवं बांधों से छोड़े जा रहे अतिरिक्त पानी के कारण तहसील मौदहा में प्रवाहित होने वाली छोटी व बड़ी नदियों/नालों का जलस्तर बढ़ा गया है। क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों से प्राप्त सूचना के अनुसार सोमवार को तहसील के ग्राम सिजवाही, गुरदहा व शिवनी में बने रपटों के ऊपर से पानी बह रहा है, जिससे इन रपटों से आवागमन रोक दिया गया है तथा आवागमन हेतु अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग किया जा रहा है। मौदहा-सिसोलर मार्ग पर पढ़ोरी के पास चन्द्रावल नदी पर बने रपटे पर पानी उतर गया है, जिससे आवागमन पूर्व की भांति चालू करा दिया गया है। ग्राम गढ़ा में भी चन्द्रावल नदी पर बने रपटे पर भी पानी ऊपर से बह रहा है। सतर्कता के दृष्टिगत आवागमन रोक दिया गया है। ग्राम गढ़ा के लोगों हेतु कैंथी धुंधपुर वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट कर दिया गया है। ग्राम शिवनी के बगिया का डेरा पानी से घिर जाने के कारण प्रशासन द्वारा लगायी गयी नाव से आवागमन किया जा रहा है। तहसील के ग्राम बहदीना अछपुरा डांडा को जाने वाले मार्ग, बेतवा नदी के जलस्तर बढ़ जाने से अवरूद्ध हो गया है, लोगों का आवागमन प्रशासन द्वारा लगायी गयी नाव से कराया जा रहा है वर्तमान में तहसील अन्तर्गत किसी भी ग्राम में बाढ़ से आबादी प्रभावित नहीं है। फिर भी सतर्कता बनाये रखने के लिए राजस्व विभाग के कार्मिकों द्वारा सतत निगरानी बरती जा रही है।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष पर लोगों को जागरूक करेंगे शिक्षक

### जिला स्तरीय कार्यशाला का डायट मे हुआ उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। सामुदायिक सहभागिता और लोक मीडिया के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसे ज्वलंत मुद्दों पर जनजागरूकता फैलाने हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ 4 अगस्त 2025 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में हुआ। यहां से प्रशिक्षित शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करेंगे। यह कार्यक्रम भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि वर्ल्ड वाइल्ड फंड के सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर दबीर हसन ने कहा कि वर्तमान समय में मानव अपनी जरूरत की पूर्ति के लिए वन्यजीव क्षेत्रों में प्रवेश करता जा रहा है। अब समय आ गया है कि लोगो को इसके प्रति जागरूक कीकिया जाए, अन्यथा वन्य जीव और मानव संघर्ष बढ़ता जाएगा जिसके परिणाम घातक होंगे। अध्यक्षीय संबोधन में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्व विद्यालय लखनऊ के प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षणथियों का मार्गदर्शन किया। नोडल अधिकारी रमेश सर ने कहा कि समाज में ऐसा कुछ नहीं जो विज्ञान से जुड़ा न हो। इसलिए विज्ञान संचार अति आवश्यक है। लोक मीडिया विशेषज्ञ श्रीनारायण श्रीवास्तव ने कठपुतली कला के माध्यम से वैज्ञानिक जागरूकता के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षण तथा मानव-जानवर टकराव की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आकर्षक प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. तारिक बदर, पूर्व नियंत्रक, सीएसआईआर-एचआरडीसी, नई दिल्ली ने वैज्ञानिक सोच के प्रचार-प्रसार में पारंपरिक मीडिया की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि यह कार्यशाला पाँच दिन चलेगी, जिसमे प्राथमिक विद्यालयों के 30 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे है। ये सभी शिक्षक ग्रामीण क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए पुतुल निर्माण, पटकथा लेखन एवं नाट्य मंचन सीख रहें हैं। इसके उपरांत अपने क्षेत्रों में मानव वन्य जीव संघर्ष, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यवरण और स्वच्छता के बारे इन्ही माध्यमों से प्रस्तुति देंगे।

# लोधी राजपूत कल्याण महासभा से मनोज राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष तो जितेंद्र राजपूत बने मंत्री

अमन लेखनी समाचार



महोबा। ब्लाक पनवाड़ी के अंतर्गत हरपालपुर रोड स्थित शिवम गार्डन में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री गंगाचरण राजपूत पूर्व सांसद की अध्यक्षता में लोधी राजपूत समाज महासभा गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समाज के चहुंमुखी विकास हेतु समस्त बिंदुओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया वहीं बैठक में लोधी राजपूत कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया जिसमें पनवाड़ी ब्लॉक से मनोज राजपूत पूर्व एमपी पुलिस अधिकारी को ब्लाक पनवाड़ी से ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है ब्लॉक अध्यक्ष का पद मिलने पर मनोज राजपूत के द्वारा कहा गया कि उन्हें जो पद मिला है उसका वह समाज को साथ में लेकर समाज के हित में कार्य करेंगे बैठक में पनवाड़ी ब्लॉक के दर्जनों गांव के लोधी राजपूत समाज के संभ्रांत, नवयुवक तथा ग्राम प्रधान उपस्थित रहे जिसमें रामसहाय राजपूत एवं दशरथ राजपूत एडवोकेट हरि सिंह राजपूत संदीप राजपूत रामकुमार राजपूत डॉ मंगल सिंह महान हरिओम राजपूत फूल सिंह राजपूत खेमचंद राजपूत पूर्व प्रधान नगाराघाट आदि लोगों की उपस्थिति में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा समिति का गठन किया गया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष मनोज राजपूत बुडेरा जितेंद्र राजपूत को मंत्री बनाया गया है विनोद कुमार को उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र को उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह को मीडिया प्रभारी दुलीचंद को महामंत्री बनाया गया वही मनोज राजपूत ने ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया एवं समाज को साथ में लेकर चलने का संकल्प लिया

# ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों कावड़ियों ने प्रसिद्ध सिद्ध बाबा के स्थान पर प्रारंभ की कावड़ यात्रा

अमन लेखनी समाचार

महोबा , जिले के महोबकंठ में स्थित सिद्धबाबा मंदिर में पहुँचे कावड़ियों पर जिला पंचायत अध्यक्ष हमीरपुर प्रतिनिधि व उनकी टीम द्वारा कावड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान आसपास ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो लोग मौजूद रहे। आपको बता दे कि कावड़ यात्रा भगवान भोलेनाथ के प्रति श्रद्धा और भक्ति कर उनको प्रसन्न करने के लिए निकाली जाती है ह्न धर्मिक मान्यताओं के अनुसार इस प्रकार भक्ति करने पर भोलेनाथ प्रसन्न हो मनुष्य की हर कामनाओ की पूर्ति करते है। जिसको लेकर सोमवार को महोबकंठ में पहाड़ पर स्थित प्रसिद्ध सिद्ध बाबा के स्थान पर आसपास ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों कावड़ियों ने कावड़ यात्रा प्रारंभ की। प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा पर जनपद हमीरपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सन्तराम राजपूत ने अपने सहयोगियों के साथ सिद्ध बाबा मंदिर में माथा टेक दर्शन कर निकल रही कावड़ यात्रा में कावड़ियों पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान जिला पंचायत प्रतिनिधि सन्तराम राजपूत से हुई बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि सिद्ध बाबा मंदिर से दर्जनों ग्राम पंचायतों से कावड़ियों द्वारा कावड़ यात्रा निकाली गई है।यह एक वहुत गई पुण्यकारी श्रद्धा भरा कार्य है इंसान को ऐसे धार्मिक कार्य व अनुष्ठान करते रहना चाहिए।इस दौरान उन्होंने बताया कि यह कावड़ यात्रा हमारे बुन्देलखण्ड क्षेत्र धसान नदी में स्थिति प्राचीन प्रसिद्ध धर्मिक स्थल काशीपुरा तक जाएगी।उन्होंने बताया कि यह स्थान जनपद झांसी व महोबा जनपद का वर्षो पुराना है एक धार्मिक स्थल है ह्न बताया जाता है कि यह मंदिर मराठा साम्राज्य के समय का है बताया यह भी जाता है कि जितना पुराना मंदिर खजुराहो का है उतना ही पुराना मंदिर यह भी है उन्होंने बताया कि यह मंदिर काशी विश्वनाथ की तर्ज पर बना लगभग 11 सौ वर्ष पुराना मंदिर है जहाँ पर लोग जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पूजा अर्चना करते है। उन्होंने बताया कि यह कावड़ यात्रा काशीपुरा मंदिर में पहुँच धसान नदी से जल भरकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे तथा वहाँ से जल लाकर यहाँ सिद्ध बाबा मंदिर में भी जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करेंगे।

# आखिरी सोमवार को मनासर बाबा में उमड़ी भक्तों की भीड़

### भंडारे में हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। सावन के आखिरी सोमवार को मनासर बाबा शिव मंदिर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से शाम तक यहां शिवभक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर मनासर बाबा सेवा समिति ने विशाल भंडारे का आयोजन कराया बीहड़ों में विराजमान मनासर बाबा शिवलिंग के पूजन के लिए सुबह से शिव भक्तों की बरसते पानी में भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने विल्व, भांग,धतूरा,फूल, घी, दूध,दही, शहद,गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करके सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मनासर बाबा सेवा समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। भंडारे में सौंखर, सुमेरपुर,सिमनौडी, बड़ागांव, देवगांव,कारीमाटी, टिकरौली,कुंडौरा,



नरायनपुर नजरपुर आदि गांव के हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया

# अध्यक्ष संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा की टीम ने बाढ़ सीवर में राहत सामग्री बांटी

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। तीसरा दिन भी आपदा सहायता ग्रुप के संस्थापक डा सुरेश कुमार प्रदेश अध्यक्ष संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा / प्रदेश कानूनी सलाहकार कोरी समाज महासंस्थान ने अपनी टीम के साथ बाढ़ पीड़तों की सेवा करने पहुचे आज स्वादिष्ट तेहरी बनवाई जिसमे सोया बरी आलू टमाटर गाजर शिमला मिर्च हरी मटर



ग्रीन वैली देशी घी डाल कर बनवाई साथ मे आम का अचार के साथ बाढ़ पीड़ितों को वितरण किया जिसे बाढ़ पीड़ित खा कर चेहरे पर खुशी हुई डा सुरेश नेत्र चिकित्सक है जो पहले अस्पताल में जाकर मरीजो की सेवा करते है और बाद में बाढ़ पीड़ितों की सेवा करते है डा सुरेश का कहना है कि हम अपना पूरा जीवन तन मन धन से लोगो की मदद करते रहेंगे और लोगो ने डा सुरेश व पूरी टीम को आशिर्वाद दिया हमारी टीम में अमित वर्मा रवि कुमार बउआ शनि आदि साथ मे रहे।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक–**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address**
**amanlekhaninews@gmail.com**



# वॉर 2 के गाने पर श्रीलंका में ऋतिक ने किया डांस

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी की फिल्म वॉर 2 का पहला गाना 'आवां जावां' रिलीज कुछ ही दिन पहले रिलीज हुआ है। दर्शकों की तरफ से अब तक गाने को अच्छा-खासा रिस्पॉन्स मिला है। इसी बीच अब अभिनेता अपने इसी गाने पर श्रीलंका में हुए एक इवेंट में थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ऋतिक को एक स्टेज पर देखा जा सकता है। ऋतिक-कियारा पर फिल्माए इस गाने को अरिजीत सिंह और निखिता गांधी ने अपनी आवाज दी है। इस गाने की शूटिंग इटली के खूबसूरत शहर टस्कनी और रोम में हुई है।

लाइफ Style

# अनीत

## एयरलाइंस में भी कर चुकी हैं काम

फिल्म 'सैयारा' के जरिए अहान पांडे और अनीत पड्डा ने इंडस्ट्री में डेब्यू किया है। अहान के बारे में दर्शक जानते हैं कि वे फिल्मी परिवार से आते हैं। मगर, अनीत पड्डा एकदम नया चेहरा हैं। दर्शकों की दिलचस्पी यह जानने में भी है कि फिल्म 'सैयारा' में आने से पहले वे क्या करती थीं?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इसका खुलासा उनकी लिंक्डइन प्रोफाइल से हुआ है, जो अचानक से इंटरनेट पर वायरल हो रही है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हो चुकी है। इसमे लीड हीरो अहान पांडे फिल्मी परिवार से आते हैं। वे चंकी पांडे के भतीजे यानी चिक्की पांडे के बेटे हैं। दर्शक इस फिल्म की हीरोइन अनीत पड्डा की निजी जिंदगी के बारे में जानने को भी उत्साहित है। इसी उत्सुकता के चलते वे अभिनेत्री की सोशल मीडिया प्रोफाइल फॉलो कर रहे हैं। अब इस कड़ी में अनीत की लिंक्डइन प्रोफाइल वायरल हो रही है, जिसमें कई अहम जानकारी हैं। दर्शकों ने अनीत पड्डा का लिंक्डइन अकाउंट खोज निकाला।

इंटरनेट पर वायरल हो रही अभिनेत्री की यह प्रोफाइल उनके दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान बनाई गई थी। प्रोफाइल के मुताबिक अनीत पड्डा पॉलिटिकल साइंस की स्टूडेंट रही हैं। हालांकि, बीते काफी वक्त से यह प्रोफाइल अपडेट नहीं है। लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक अनीत पॉलिटिकल साइंस में बीए कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने एक एयरलाइंस में इंटर्नशिप भी की।



हॉलीवुड मसाला



# नए शूट में नजर आए टॉम

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैन के फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। मेकर्स ने स्पाइडर-मैन की आगामी फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'का फर्स्ट लुक रविवार को रिलीज किया। इस पहली झलक में टॉम हॉलैंड एक बिल्कुल नए सूट में वापसी करते हुए प्रशंसकों से पूछते हैं, 'क्या आप तैयार हैं?' 22 सेकंड के इस फर्स्ट लुक वीडियो की शुरुआत टॉम हॉलैंड को नए स्पाइडर-मैन सूट में दिखाती है। जैसे ही उनके सामने एक बड़ा दरवाजा खुलता है, बाहर से रोशनी अंदर आती है। टॉम उत्साहित नजर आते हैं और फिर नए सूट में फ्रेम के करीब आते हैं।



# एकॉन भारत के तीन शहरों में करेंगे लाइव कॉन्सर्ट...

**मुंबई।** शाहरुख खान और करीना कपूर पर फिल्माया गाना 'छम्मक छल्लो' याद है? वैसे ये गाना हर किसी को याद होगा, क्योंकि 'रा.वन' फिल्म के इस गाने ने उस साल खूब धूम मचाई थी। 14 साल पहले आए इस गाने के स्टेप्स अभी तक छाए हुए थे। इसके सिंगर एकॉन थे, जो अब भारत के तीन शहरों में जल्द ही लाइव परफॉर्मेंस देने वाले हैं। 'छम्मक छल्लो' सिंगर एकॉन राजधानी दिल्ली में 9 नवंबर को धमाल मचाएंगे। इसके बाद वो अगली बार 14 नवंबर को बेंगलुरु में परफॉर्म करेंगे। फिर मुंबई में 16 नवंबर को लाइव परफॉर्मेंस होगी। एकॉन के शो के टिकट पहले से ही देश में सबसे ज्यादा मांग वाले टिकटों में से हैं। एचएसबीसी कार्ड होल्डर्स को 8 अगस्त दोपहर 1 बजे से इन टिकटों की शुरुआती सुविधा मिलेगी, जबकि अन्य लोग 10 अगस्त रात 10 बजे से टिकट खरीद सकते हैं।



# फैंस के प्यार से बेहद खुश हुईं मृणाल

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर ने रविवार को सोशल मीडिया स्टोरी पर एक खास पल शेयर किया। जिसमें वह प्रशंसकों के साथ फिल्म की आधी रात की स्क्रीनिंग देख रही हैं। इस पल को उन्होंने अब तक का सबसे अच्छा एहसास बताया। बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम स्टोरिम 'सन ऑफ सरदार 2' के कई वीडियोज और तस्वीरें शेयर कीं। इन सभी वीडियो में मृणाल के फैंस फिल्म को देखकर उत्साहित और खुश नजर आ रहे हैं। वहीं, एक वीडियो में मृणाल भी फैंस के बीच फिल्म का आनंद लेती नजर आईं। स्टोरी में मृणाल ने लिखा, 'सन ऑफ सरदार 2' का मिडनाइट शो देखते हुए तालियां और सीटियां बजीं। अब तक का सबसे अच्छा एहसास। सन ऑफ सरदार 2 को अजय देवगन और ज्योति देशपांडे ने मिलकर बनाया है।



# सौरभ-रणवीर बने कॉमेडी का हिस्सा

**मुंबई।** सौरभ शुक्ला और रणवीर शौरी कई कॉमेडी फिल्मों में रंग जमा चुके हैं, साथ ही क्राइम स्टोरीज वाली फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं। अब ये दोनों एक्टर्स एक डॉर्क गैंगस्टर कॉमेडी में साथ नजर आएंगे। इनकी जल्द रिलीज होने वाली सीरीज बिंदिया के बाहुबली का ट्रेलर भी सामने आ चुका है। ट्रेलर में एक दावन परिवार है, जो बिंदिया नाम की एक जगह के बाहुबली हैं। सीरीज में दावन परिवार के मुखिया यानी बड़ा दावन जब अपना पॉलिटिकल करियर शुरू करना चाहता है तो पुलिस उसे गिफ्तार कर लेती है। अब परिवार बड़े दावन को कैसे जेल से निकालेंगे? इसी पूरे प्लानिंग में कई उल्टी-सीधी घटनाएं होती हैं, जो कॉमेडी का तड़का सीरीज में लगाती हैं। अपने किरदार बड़ा दावन के बारे में बात करते हुए सौरभ कहते हैं, 'यह सीरीज एक ऐसे परिवार की कहानी कहती है, जो सत्ता की चाहत रखता है।

टीवी मसाला



# 27 साल से इंडस्ट्री में एक्टिव कभी नहीं मिला लीड रोल

**नई दिल्ली।** आपको 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' के मशहूर गुलाटी और रिंकू देवी और 'द कपिल शर्मा शो'के इंजीनियर साहब तो याद ही होंगे। इन सभी किरदारों को मशहूर बनाने वाले हैं कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर। सुनील ग्रोवर को इंडस्ट्री में लगभग 27 साल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने टेलीविजन से लेकर फिल्मों तक में अलग-अलग तरह के कई किरदार निभाए हैं। इन सभी किरदारों को सुनील ग्रोवर ने अपने अभिनय से यादगार बनाया है। हालांकि, ये सुनील ग्रोवर की बदकिस्मती ही रही कि साल 1998 से फिल्मों में नजर आने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे। इंडस्ट्री के तीनों खानों- शाहरुख, आमिर और सलमान के साथ फिल्में करने के बावजूद सुनील ग्रोवर को पहचान कपिल शर्मा के कॉमेडी शो से ही मिली। सुनील ग्रोवर एक्टिंग की दुनिया में साल 1995 से एक्टिव हैं और फिल्मों में वो 1998 से नजर आ रहे हैं। इस दौरान वो कई बड़ी फिल्मों में भी नजर आए हैं। जिनमें प्यार तो होना ही था, द लीजेंड ऑफ भगत सिंह, मैं हूं ना, गजनी, भारत और जवान जैसी फिल्में शामिल हैं। सुनील ग्रोवर को दिवंगत एक्टर-कॉमेडियन जसपाल भट्टी की खोज बताया जाता है। इतनी बड़ी फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में कभी वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे।

## तुलसी की नई बहू की सीरियल में एंट्री, क्या संभालेगी शांति निकेतन की विरासत?

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अपने परिवार और शांति निकेतन की जिम्मेदारियां अब भी तुलसी बखूबी निभा रही हैं। मगर



उसे चिंता है कि आगे शांति निकेतन की जिम्मेदारी कौन संभालेगा? कौन उसके लिए मददगार बनेगा? इन्हीं सवालों के बीच एक नए चेहरे की एंट्री सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'में होती है। सोशल मीडिया पर भी कुछ वीडियो, फोटोज वायरल हैं, जिसमें तुलसी की नई बहू की झलक मिलती है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में तुलसी, माता रानी से सवाल करती है? 'कौन बचाएगा मेरे घर को? क्या मैं अपने बच्चों के लिए अच्छी मां नहीं बन सकी? कौन करेगा मेरी मदद?' इन्हीं सवालों के बीच उलझी तुलसी, शांति निकेतन के आगंन में लगे तुलसी के पौधे को बारिश से बचाती हुई दिखती है। आगे वायरल वीडियो में नजर आता है कि एक दूसरी जगह तुलसी के पौधे के आगे नए चेहरे की एंट्री होती है। सुंदर, सादगी से भरा चेहरा लिए एक लड़की नजर आती है। यही होगी तुलसी के घर की नई बहू। दरअसल, यही लड़की तुलसी को एक बड़ी मुश्किल से बाहर निकालेगी।



# महावतार नरसिम्हा की लंबी छलांग सन ऑफ सरदार 2-धड़क 2 पड़ीं बेजान

**नई दिल्ली।** अगस्त के पहले वीकेंड पर कई बड़ी फिल्में रिलीज हुईं, जिनमें से कुछ ने दर्शकों को आकर्षित करने में सफलता पाई, तो कुछ उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। हालिया रिलीज सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2, सैयारा, किंगडम और महावतार नरसिम्हा की बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

**सन ऑफ सरदार 2 :** अजय देवगन की चर्चित फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल दर्शकों के बीच उत्सुकता तो पैदा कर पाया, लेकिन पहले दो दिनों में फिल्म की कमाई औसत ही रही। पहले दिन जहां फिल्म ने करीब 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। वहीं, दूसरे दिन की कमाई बढ़कर 7.5 करोड़ तक पहुंची। कुल मिलाकर दो दिन में 14.75 करोड़ रुपए की कमाई करते हुए फिल्म ने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है।

**धड़क 2 :** जाह्नवी कपूर के डेब्यू की अगली कड़ी मानी जा रही धड़क 2 को लेकर युवा दर्शकों में हल्की एक्साइटमेंट थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये ज्यादा असर नहीं छोड़ सकी। पहले दिन फिल्म ने 3.5 करोड़ और दूसरे दिन 3.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। यानी दो दिन में कुल 7.25 करोड़ रुपए की कमाई के साथ फिल्म का ग्राफ धीमा है। समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया से साफ है कि फिल्म को लंबी रेस के लिए दर्शकों का समर्थन चाहिए।

**सैयारा :** बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही सैयारा ने अपनी रिलीज के 16वें दिन भी रफ्तार बनाए रखी। फिल्म ने 16वें दिन 6.35 करोड़ कमाए। फिल्म ने अब तक घरेलू स्तर पर 291.35 करोड़ रुपए और वैश्विक स्तर पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। भले ही अब कलेक्शन में थोड़ी गिरावट आ रही हो, लेकिन फिल्म ने इस साल के रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन में खुद को स्थापित कर लिया है।

**महावतार नरसिम्हा ने रचा इतिहास :** फिल्म महावतार नरसिम्हा जबरदस्त कमाई कर रही है। फिल्म ने पहले हफ्ते में टोटल 44.75 करोड़ कमाए थे। पहले दिन फिल्म ने 1.75 करोड़ कमाए थे। दूसरे दिन 4.6 करोड़, तीसरे दिन 9.5 करोड़, चौथे दिन 6 करोड़, पांचवे दिन 7.7 करोड़, छठे दिन 7.7 करोड़, सातवें दिन 7.5 करोड़ और आठवें दिन 7.7 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म के हिंदी कलेक्शन की बात करें तो पहले हफ्ते में फिल्म ने 29 करोड़ कमाए। वहीं दूसरे शुक्रवार को 5 करोड़ और दूसरे शनिवार 11 करोड़ कमाए।

# कुली के ट्रेलर लॉन्च में पहुंचे आमिर रजनीकांत के छुए पैर





**मुंबई।** चेन्नई में रजनीकांत की फिल्म कुली का ट्रेलर लॉन्च इवेंट हुआ। इस इवेंट में आमिर खान की सरप्राइज एंट्री ने हर किसी को खुश कर दिया। इवेंट से आमिर खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आमिर खान रजनीकांत के पैर छूते नजर आ रहे हैं। साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की अपकमिंग की फिल्म कुली का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही फैंस का इस फिल्म को लेकर इंतजार और बढ़ गया है। रजनीकांत की इस फिल्म में आमिर खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। ट्रेलर लॉन्च इवेंट चेन्नई में हुआ। इस इवेंट में आमिर खान ने भी हिस्सा लिया। आमिर खान की सरप्राइज एंट्री से हर कोई खुश हो गया। सोशल मीडिया पर आमिर खान के इस इवेंट के कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के दो गाने रिलीज किए जा चुके हैं। इस फिल्म में आमिर खान के किरदार का नाम दाहा होगा। फिल्म में रजनीकांत एक गोल्ड तस्करी करने वाले का किरदार निभाएंगे। उनका नाम देवा होगा।

## कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड किया अपने नाम

# विधायक जी का कटहल चोरी न हुआ होता तो ये कमाल कैसे हो पाता

***नई दिल्ली।*** *71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा के दौरान एक ऐसी फिल्म का नाम लिया गया जो साल 2023 में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। ये एक मनोरंजक व्यंग्यप्रधान सामाजिककॉमेडी थी। इस फिल्म का नाम है 'कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री', जिसे यशोवर्धन मिश्रा ने निर्देशित किया है। ये फिल्म उत्तर प्रदेश के एक काल्पनिक कस्बे मोबा की राजनीतिक और सामाजिक हलचलों को एक अनोखे अंदाज में पेश करती है। कहानी की शुरुआत एक विधायक के बाग से दो दुर्लभ कटहल की चोरी से होती है, जिसे लेकर पूरा थाना सिर पर उठा लिया जाता है। लेकिन, असली रहस्य एक माली की गुमशुदा बेटी के इर्द-गिर्द घूमता है। फिल्म की कहानी में कई मोड़ आते हैं। कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड अपने नाम किया।*

### कहानी क्या है?

उत्तर प्रदेश के काल्पनिक कस्बे मोबा में एक विधायक (विजय राज) की हवेली से दुर्लभ अंकल हॉन्गा प्रजाति के दो कटहल चोरी हो जाते हैं और पूरा थाना उनकी खोज में लग जाता है। हालांकि असली मुद्दा कहीं और है। पुलिस पर भारी दबाव डाला जाता है कि चोरी हो गया कटहल जल्द ढूंढे, वरना विधायक थाने को आग लगा देने की धमकी देता है। इंस्पेक्टर महिमा बसोर (सान्या मल्होत्रा) इस केस की जिम्मेदारी संभालती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चलता है कि वास्तविक मामला एक माली की बेटी अमिया के अपहरण से जुड़ा है। पुलिस प्रशासन कटहल चोरी को प्राथमिकता दे रहा है जबकि जिंदगी की असली कहानी कुछ और है। महिमा उसी का पता लगाने निकल पड़ती है। इस बीच कांस्टेबल सौरभ द्विवेदी की जिंदगी भी उलझी होती है। उनकी रिपोर्टिंग महिमा का होती है, जो उसकी गर्लफ्रेंड भी है। दोनों की प्रेम कहानी भी सीनियर-जूनियर के फेर में उलझी रहती है और शादी तक नहीं पहुंच पा रही होती।



**फिल्म में है दमदार कास्ट :** इंस्पेक्टर महिमा बसोर के रोल में सान्या मल्होत्रा नजर आ रही हैं। इसके अलावा कांस्टेबल सौरभ द्विवेदी अनंत वी जोशी हैं। वो महिमा के प्रेमी के रोल में हैं, जो एक ऊंची जाति के हैं और नीचली जाति की लड़की से प्यार करते हैं। विजय राज, विधायक मुन्नालाल पटेरिया, कटहल मालिक के रोल में हैं। राजपाल यादव, पत्रकार अनुज संघवी के रोल में हैं, जो रिपोर्टिंग के जरिये महिमा को न्याय की दिशा दिखाता है। ब्रिजेंद्र कला, नेहा सराफ, रघुबीर यादव और अंबरीश सक्सेना जैसे सितारे भी अहम किरदार निभा रहे हैं।

### फिल्म का भाव

ये फिल्म एक व्यंग्यात्मक प्रस्तुति थी। कटहल जैसे मामूली चोरी को एक बड़े अपराध की तरह दिखाकर फिल्म समाज और प्रशासन की विसंगतियों पर कटाक्ष करती है। जातीय और सामाजिक तनाव को फिल्म में दिखाया गया है, जहां महिमा को निचली जाति की होने की वजह से लगातार भेदभाव का सामना करना पड़ता है, बखूबी दिखाया गया है कि कैसे सिस्टम की प्राथमिकताएं गलत दिशा में होती हैं। पावर गेम और भ्रष्ट प्रशासन की झलकियां भी इस फिल्म में दिखाई गई हैं। विधायक का दबदबा, पुलिस का लालच और जनता की अपेक्षाएं सभी को मिलाकर फिल्म ने ताकतवर संरचनाओं की आलोचना की है। बता दें, 'कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री' 19 मई 2023 को वैश्विक प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसे अभी भी आप स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।